तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

12 दुर्ग में सेवा के रंग, सेवा ज्योति यात्रा में हजारों...



13 खेरधा चारागाह में बायो-सीएनजी प्लांट का आठ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

जल सत्याग्रह तुड़वाने पहुंचे निगम के अधिकारी, दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम द्वारा वार्ड 22 कुरूद के रहवासियों से टैक्स तो पूरा लिया जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन वार्डों में ध्यान दिया जाता है। यहां तालाबों में प्रतिमा विसर्जन की अनुमति तो दे दी जाती है, लेकिन गंदगी साफ करने के लिए निगम कुछ नहीं करता है। निगम की इसी निरंकुश कार्यशैली को देखते हुए भिलाई वार्ड 22 के रहवासी भानु प्रताप सिंह ने जेनजी की तर्ज पर कुरूद नकटा तालाब में जल सत्याग्रह किया। उन्होंने निगम को पहले चेतावनी दी कि यदि 6 अक्टूबर तक वार्ड 22 के तालाबों की सफाई नहीं हुई तो वो तालाब के गंदे पानी में खड़े होकर जल सत्याग्रह करेंगे। 7 अक्टूबर की सुबह से वो नकटा तालाब के गंदे पानी में उतरे और जल सत्याग्रह करना शुरू कर दिया। उनके इस आंदोलन को देख एक एक कर वहां स्थित शिव शक्तिधाम मंदिर प्रांगण लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। निगम के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान, ईई अरविंद शर्मा से लेकर अन्य अधिकारी वहां पहुंच गए और सत्याग्रह को समाप्त करने को लेकर मान मनौव्वल करने लगे। लगभग तीन से चार घंटे के जल सत्याग्रह के बाद जोन आयुक्त ने लिखित आश्वास दिया कि 13 दिन में तालाब साफ हो जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। सत्याग्रह में भाजपा नेता भानु प्रताप सिंह के साथ दिलीप सिंह, विजय साव और पार्षद पति अजय साहू शामिल थे। धरना स्थल सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंन्हा, पार्षद व भाजपा नेता महेश वर्मा, पार्षद संतोष मौर्य, भाजपा नेत्री दिव्या भसीन, भाजपा नेता रंजीत सिंह, रणजीत सिंह उर्फ राजा आदि शामिल रहे।



पार्षद और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने वार्ड की पार्षद अनीता साहू को घेरा और कहा पिछले 5 सालों में उन्होंने वार्ड के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। तालाब की सफाई तो दूर, वार्ड में सड़क में गंदगी, लाइट जैसी कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस पर पार्षद अनीता साहू ने कहा कि उन्हें जब भी बुलाया गया वो वहां पहुंची। वार्ड का विकास उन्होंने अपनी निधि से काफी कराया, लेकिन शहर सरकार का सहयोग नहीं मिलने से दूसरे वार्ड की तरह विकास नहीं हो पाया।

पहले विरोध फिर खुद उतर गए पानी में

वार्ड के पार्षद अनीता साहू व पति अजय साहू सूचना मिलते ही शिव शक्ति धाम मंदिर पहुंचे और जल सत्याग्रह का विरोध करना शुरू कर दिया। पार्षद ने आरोप लगाया कि चुनावी समय नजदीक आने से सत्याग्रह के नाम पर दिखावा हो रहा है। यह सुनते ही वार्ड के लोग आक्रोषित हो गए। उन्होंने पार्षद के ऊपर आरोपों की झड़ी लगा दी। लोगों का आक्रोश देख पार्षद ने कहा वो उनके साथ है। तालाब की सफाई नहीं होने को लेकर वो खुद भानु के साथ जल सत्याग्रह में खड़े होंगे। उन्होंने भानु के नाम पर पर्चा तक हाथ में पकड़ लिया, लेकिन जब लोगों ने कहा पार्षद का भानु को समर्थन मिल रहा है, तो उन्होंने पर्चा भानु के हाथ में दे दिया।

सोने का बिस्किट दिलाने का झांसा देकर ठगी यूपी के गाजियाबाद से आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सोने का बिस्किट दिलाने का लालच देकर लोगों से धो खा ध ड़ी करने के मामले में रा नी त रा ई पुलिस ने अंतरराज्यीय आरोपी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है।

मामले में प्रार्थी समीर साहू, निवासी ग्राम रेंगाकठोरा की शिकायत पर थाना रानीतराई में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में धारा 318(4), 3(5), 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जानकारी जुटाई। जांच में मोबाइल नंबरों की लोकेशन दूसरे राज्य में पाए जाने के बाद पुलिस टीम ने आवश्यक अनुमति प्राप्त की और उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। रानीतराई पुलिस की टीम ने तकनीकी जानकारी के आधार पर इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद क्षेत्र में आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी विश्वजीत मौर्य (29 वर्ष) को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल धारक राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा लोगों को सोने का बिस्किट दिलाने का लालच देकर विश्वास में लिया जाता था और इसी लालच के माध्यम से उनसे रकम प्राप्त करने की बात सामने आई है। पुलिस अब मामले में ठगी की रकम, अन्य संलिप्त लोगों और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य मामलों के संबंध में जांच कर रही है। आरोपी विश्वजीत मौर्य को गाजियाबाद से विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे 6 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपी मूल रूप से रायबरेली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में इंदिरापुरम, गाजियाबाद में रह रहा था।

सस्ता सस्ता सस्ता

न्यू ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22k), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बेग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

- जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
- शॉप नं.-64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग
- बाजार चौक, कुम्हारी

शोक संदेश



जन्म दिनांक 25-08-1965 | स्वर्गवास दिनांक 25-09-2026

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि

श्री रविन्द्र सिंह जी का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 25-09-2026, दिन-शुक्रवार को हो गया है। जिनका तेरहवीं एवं शांति भोज कार्यक्रम दिनांक 08-10-2026, दिन-गुरुवार को रखा गया है।

अतः आप से अनुरोध है कि कार्यक्रम में पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें। हम भगवान की इच्छा के आगे नतमस्तक है।

कार्यक्रम

शांति भोज :-
दिनांक :- 08-10-2026, दिन - गुरुवार
समय :- दोपहर 01 बजे से

स्थान:- श्री राम वाटिका, पोस्ट ऑफिस के सामने, एम.पी.आर. रोड, वार्ड नं. -42, जोन-01, सेक्टर-11, खुर्सीपार, भिलाई (छ.ग.)

:: शोकाकुल ::
समस्त सिंह परिवार एवं मित्रगण

:: विनीत ::
श्री अरविन्द सिंह (भाई)
अभिषेक सिंह, अमित सिंह (पुत्र)
देवकरण सिंह (पुत्र)
मो. : 8827760021

जिस किसी स्वजनों को शोक पत्र ना मिला हो कृपया इसे ही शोक पत्र मानकर पधारने का कष्ट करें।



दुर्ग में सेवा के रंग, सेवा ज्योति यात्रा में हजारों लोगों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम लाइव उद्बोधन को उपस्थितजनों ने सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए वी विल डू ईट का विश्वासपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनभागीदारी का आह्वान किये।

मंत्री यादव ने दिलाई विकसित भारत निर्माण में योगदान की शपथ

कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने उपस्थित नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से पूरा होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित की भावना के साथ योगदान दे तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से साकार होगा। आज दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम और सेवा ज्योति यात्रा इसी भावना का संदेश देती है कि सेवा से राष्ट्रसेवा और राष्ट्रसेवा से विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हम सभी अपनी भूमिका निभाएं।

पं. रविशंकर स्टेडियम में हुआ आयोजन, पीएम का संदेश लाइव सुना



विधायकों सहित भाजपा की जनभागीदारी

कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ी भीड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा पूर्ण होने के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा सेवा ज्योति यात्रा का भी आयोजन किया गया। पंडित रविशंकर स्टेडियम से प्रारंभ हुई यह यात्रा बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए पटेल चौक तक पहुंची।

यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने का संदेश दिया गया। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन 31 तक

दुर्ग। राज्य सरकार की दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना को अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। समाज कल्याण संचालनालय द्वारा योजना को भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशीप पोर्टल पर ऑनबोर्ड कर दिया गया है। अब दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रकिया ऑनलाइन माध्यम से पूरी करनी होगी। उप संचालक समाज कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। नेशलन स्कॉलरशीप पोर्टल पर दिव्यांगजन राज्य छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि जो पूर्व में 30 सितंबर निर्धारित थी, जिसमें वृद्धि करते हुए 31 अक्टूबर क कर दी गई है।

दशहरा समिति गठित

दुर्ग। श्री गोविन्द नवयुवक समिति पोटिया कला, वार्ड क्रमांक 54 द्वारा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दशहरा के साथ मंडई मेला का भी आयोजन 21 अक्टूबर को किया जाना है। इसके लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष ठकेश साहू, उपाध्यक्ष चन्द्र किशोर साहू, टैलेश साहू, सचिव हिरेंद्र साहू, सह सचिव रिमांशु साहू, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साहू, सह कोषाध्यक्ष सूरज साहू, संगीत सचिव फलित साहू, प्रचार सचिव कमल साहू, प्रकाश साहू, कार्यकारणी सदस्य भूषण साहू, मोनू साहू , परखचंद साहू, तिलक साहू बनाए गए हैं।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गूंजा पोषण और संस्कार का संदेश

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर ननकट्ठी, परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम बासीन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव, जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा, सरपंच चित्ररेखा साहू, उपसरपंच श्री तुकेश्वर देवांगन, पूर्व सरपंच प्रमोद साहू एवं जेवरा मंडल महामंत्री सचिन राजपूत सहित पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

वार्ड परिक्रमा में खुली व्यवस्था की पोल, सफाई के अभाव में नालियों में उगी झाड़ियां

उमदा वार्ड में समस्याओं का अंबार, लाखों की टंकी सूखी और सड़कों पर बह रहा नाली का गंदा पानी


वार्ड 6 परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 6 उमदा में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई गंभीर समस्याएं सामने आईं। एक ओर करोड़ों रुपए की लागत से सड़क और लाखों रुपये से स्मार्ट चौक व ओवरहेड टंकी जैसे कार्य किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर पेयजल, नाली, सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

कहीं पेयजल की समस्या है तो कहीं नालियों की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सफाई के अभाव में कई नालियों में जंगल-झाड़ियां उग आई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर नालियों की गहराई इतनी कम है कि बारिश या घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। वार्डवासियों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली। वार्ड में लाखों रुपये खर्च कर ओवरहेड टंकी बनाए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन वर्तमान में यह टंकी सूखी पड़ी है। इसके चलते वार्डवासियों को बोर के माध्यम से पानी की सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि बोर ही पानी की मुख्य व्यवस्था है। ऐसे में यदि बोर खराब हो जाए तो उसे सुधारने में चार से पांच दिन तक का समय लग जाता है। इस दौरान लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड पार्षद दीप्ति वर्मा है जबकि सारा काम काज उनके पति आशीष वर्मा देखते हैं। वार्डवासियों ने मांग की है कि ओवरहेड टंकी को उपयोग में लाकर नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं इस संबंध में पार्षद दीप्ति वर्मा से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर बताया।

जर्जर नालियां बनी परेशानी, 19 करोड़ के गौरवपथ की गुणवत्ता पर भी उठे सवाल







नालियों में उगी झाड़ियां, सड़क पर बहता है गंदा पानी : वार्ड के कई हिस्सों में नालियों की स्थिति बेहद खराब बताई गई। उदयराम देवांगन ने बताया कि लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण नालियों में जंगल-झाड़ियां उग गई हैं। कई जगह नालियों की गहराई भी पर्याप्त नहीं है। इसके चलते नाली का पानी अपने निर्धारित रास्ते से बहने के बजाय सड़क पर फैल जाता है। कुछ स्थानों पर नालियां जर्जर हालत में हैं, जिससे जल निकासी की समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होती।

बाजार चौक और सांस्कृतिक भवन के पास अंधेरा, पुलिस पेट्रोलिंग की मांग : वार्डवासियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। दुलार सिंह साहू ने बताया कि बाजार चौक और सांस्कृतिक भवन के आसपास शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। अंधेरा होने के बाद लोगों को आने-जाने में परेशानी और असुरक्षा महसूस होती है।

गौरवपथ पर 12.5 लाख से बने स्मार्ट चौक पर भी उठे सवाल



वार्ड में सिरसा गेट से उमदा-जरवाय तक करीब 19 करोड़ रुपए की लागत से बने गौरवपथ को लेकर भी स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए। वार्डवासियों सहित अनिल खुटेल का आरोप है कि सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही कई जगह से सड़क उखड़ने लगी थी। लोगों के मुताबिक हाल ही में सड़क का संधारण कराया गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता और सड़क की मजबूती की जांच कराने की मांग की है, ताकि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सड़क बार-बार खराब होने की स्थिति सामने न आए। वार्ड में करीब 12.5 लाख रुपये की लागत से बनाए गए त्रिसंगम स्मार्ट चौक को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाए।

सांस्कृतिक भवन के पास बहता है शौचालय का गंदा पानी



सबसे गंभीर समस्या सांस्कृतिक भवन के बाजू में बनाए गए शौचालय को लेकर सामने आई। लोगों के अनुसार शौचालय की नाली जमीन से ऊपर बनाई गई है और इसका गंदा पानी सीधे सांस्कृतिक भवन के पास बहने लगता है, जहां समय-समय पर विभिन्न आयोजन होते हैं। शौचालय के गंदे पानी को मुख्य नाली तक पहुंचाने के लिए उचित निकासी व्यवस्था नहीं होने से आसपास गंदगी की स्थिति बन रही है। इसे लेकर वार्डवासियों में काफी आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि शौचालय की निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कर गंदे पानी की उचित निकासी सुनिश्चित की जाए।

6 इंच की जगह 2.50 से 3 इंच सीसी सड़क

दुर्ग महापौर ने मौके पर पकड़ी गड़बड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गया नगर वार्ड क्रमांक 5 महर्षि स्कूल लाइन में चल रहे सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन,पार्षद रंजीता पाटिल एवं कार्यपालन अभियंता मो. सलीम सिद्दीकी के साथ औचक निरीक्षण किया। क्षेत्रवासियों से प्राप्त शिकायत को महापौर ने गंभीरता से लेते हुए निर्माण स्थल पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मोटाई एवं निर्माण की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माणाधीन सीमेंटीकरण सड़क की मोटाई की जांच कराई। जांच में सामने आया कि सड़क का निर्माण निर्धारित मापदंड के अनुसार 6 इंच मोटाई में किया जाना है, जबकि मौके पर लगभग 2.50 से 3 इंच तक ही निर्माण किए जाने की स्थिति सामने आई। इसके अलावा सड़क निर्माण के दौरान दोनों ओर निर्धारित चैनल का भी समुचित निर्माण नहीं किया जा रहा था।

निर्माण कार्य में इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर महापौर ने मौके पर ही नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड, तकनीकी स्वीकृति एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ ही कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का लाभ लंबे समय तक आम नागरिकों को मिलना चाहिए, इसलिए कार्य केवल पूरा करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा तकनीकी मापदंडों के अनुरूप ही कार्य कराने के निर्देश दिए।

रिसाली सेवा संकल्प शिविर में आए 121 आवेदन, मौके पर 78 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा बुधवार को लगाए सेवा संकल्प शिविर में कुल 121 आवेदन आए।

- विधायक और महापौर ने नागरिकों से की चर्चा



यह शिविर कुल 9 वार्ड 7से 15 तक के लिए लगाया गया। लगाए गए शिविर का अवलोकन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में न केवल स्टाल का अवलोकन किया, बल्कि नागरिकों से बात भी की। समस्याओं को जानने के बाद उनका निराकरण करने रिसाली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक का कहना था कि यह प्रयास केवल आम लोगों को सुविधा प्रदान करना है। शिविर में महापौर शशि सिन्हा पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू समेत वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

शिक्षामंत्री के आश्वासन के बाद शिक्षकों का आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टी.ई.टी. उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले चल रहे तीन दिन पहले शुरू किया गया अनिश्चितकालीन प्रदर्शन बुधवार को समाप्त हो गया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से संघ के प्रांतीय डेलीगेशन टीम की चर्चा के बाद यह आंदोलन वापस लिया गया और शिक्षक अपने स्कूलों में वापस लौट गए हैं। छः सदस्यीय प्रांतीय डेलीगेशन टीम शिक्षा मंत्री श्री यादव से मिलकर पदोन्नति के संदर्भ में अपनी मांगों से अवगत कराया व अविलंब पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कराने की बात



रखी गई।

शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि सीनियर होने के बाद भी हमें अब तक प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है। प्रमोशन के लिए पांच बार समय निर्धारित किया गया। उसके बाद भी यह अब तक लंबित है। कई बार शासन-प्रशासन को अवगत भी कराया गया। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और पदोन्नति के संदर्भ में स्पष्ट किया गया कि पदोन्नति प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सभी संयुक्त संचालकों व जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के नियमानुसार ही पूरी की जाएगी। जिस पर संगठन के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षा मंत्री के ठोस आश्वासन के पश्चात प्रांतीय निर्णयानुसार अनिश्चितकालीन आंदोलन आगामी समय के लिए स्थगित किया गया। प्रांतीय डेलीगेशन टीम में प्रांताध्यक्ष राकेश मिश्रा, मनोज जायसवाल, चेमन साहू, अशोक कश्यप, उमाशंकर डिल्लीवार, दुर्गेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

तिरपाल के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे प्रतिबंधित लकड़ी, स्मृतिनगर पुलिस ने माजदा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ स्मृतिनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध माजदा वाहन को पकड़ा है। वाहन में तिरपाल से ढंककर प्रतिबंधित कहुआ प्रजाति की इमारती लकड़ी सहित मिश्रित प्रजाति की अन्य लकड़ियां ले जाई जा रही थीं। लकड़ी के संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन, चालक और लकड़ी को अभिरक्षा में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।

- दस्तावेज नहीं मिलने पर वन विभाग को किया

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को सुबह करीब 5 बजे चौकी स्मृति नगर की टीम नियमित पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान अवंतीबाई चौक, कोहका क्षेत्र में एक संदिग्ध माजदा वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 1154 को रोककर जांच की गई। पुलिस ने वाहन में लगे तिरपाल को हटाकर तलाशी ली तो उसमें इमारती लकड़ी लदी मिली। जांच में कहुआ प्रजाति की प्रतिबंधित इमारती लकड़ी के साथ



अन्य मिश्रित प्रजातियों की लकड़ियां भी पाई गईं। वाहन चालक से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन चालक, माजदा और उसमें लदी लकड़ी को अपने कब्जे में लिया। चौकी स्मृतिनगर लाने के बाद पुलिस ने नियमानुसार पंचनामा और नोटिस की कार्रवाई की। मामला वन विभाग के क्षेत्राधिकार से संबंधित होने के कारण माजदा वाहन, चालक और जब्त काष्ठ को वन विभाग भिलाई-3 परिक्षेत्र के सुपुर्द कर दिया गया। अब वन विभाग द्वारा लकड़ी की प्रजाति, मात्रा, स्त्रोत और परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बीएसपी वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने की विशेष अभियान चलाने की मांग

हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में हिडन कैमरा का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित हरि राज रेस्टोरेंट के बाथरूम में कथित रूप से हिडन कैमरा मिलने के मामले में बीएसपी



- डीवीआर व अन्य डिजिटल उपकरणों की हो फॉरेंसिक जांच

वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने घटना को बेहद गंभीर और निंदनीय बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

उज्जवल दत्ता ने कहा कि बाथरूम जैसे निजी स्थान पर हिडन



भिलाई नगर पुलिस जुटी जांच में, होटल संचालक को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

होटल हरिराज में महिलाओं के बाथरूम में मोबाइल कैमरे के बाद बवाल

होटल स्टॉफ की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध..

पुलिस ने होटल संचालक को थमाया नोटिस, पूछताछ भी की

कैमरा मिलना नागरिकों की निजता, सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। पुलिस को इसे सामान्य घटना के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि कैमरे की तकनीकी जांच के साथ उससे जुड़े मोबाइल, डीवीआर, कंप्यूटर, मेमोरी कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कैमरा किसने लगाया, कितने समय से लगा था और उससे कोई वीडियो रिकॉर्ड हुआ था या नहीं। यदि रिकॉर्डिंग हुई है तो उसे कहीं संग्रहित, भेजा या प्रसारित किया गया या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए।उज्जवल दत्ता ने कहा कि यदि कैमरा लगाए जाने की जिम्मेदारी किसी कर्मचारी पर डाली जा रही है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पुलिस को संचालक सहित संबंधित सभी लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की कड़ियां जोड़नी चाहिए। जांच में किसी की संलिप्तता सामने आने पर तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरि राज जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में ऐसी घटना सामने आना पूरे शहर के लिए चिंता का विषय है। लोग होटल और रेस्टोरेंट में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि उनकी निजता और गरिमा सुरक्षित रहेगी। इस विश्वास के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उज्जवल दत्ता ने प्रशासन से मांग की कि मामले को केवल एक रेस्टोरेंट तक सीमित न रखा जाए। भिलाई के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज, चेंजिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हिडन कैमरों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। महिलाओं और युवतियों की निजता और सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की भी उन्होंने मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, मामले की जांच बिना किसी दबाव के निष्पक्ष तरीके से पूरी कर आम नागरिकों को जांच की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों का प्रशासन और कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

खबर संक्षेप



योग शिविर कल से

जामगांव आर। स्वास्थ्य संवर्धन हेतु उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति द्वारा 9 से 11 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में त्रिदिवसीय योग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। समिति अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, संतोष साहू, इंद्रकुमार साहू, कामता प्रसाद साहू, आसकरण जैन, योगेंद्र साहू, हलधर महमल्ला, मुकेश चंद्राकर और मेघराज चंद्राकर ने बताया कि 7 अक्टूबर तक पंजीयन कराने वाले साधकों को ग्रीन मैट दी जा रही है तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति व बेहतर प्रदर्शन करने वाले साधकों को सम्मानित किया जाएगा।

पीएम मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने पर उत्सव



अंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भानपुरी में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा ग्रामीण महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए, जिससे स्थानीय संस्कृति का सुंदर दृश्य देखने को मिला। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति लोमश चंद्राकर, सरपंच उमेंदी ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

रुक्मणी मंगल और कंस वध के प्रसंग से भक्तिमय हुआ वातावरण

अंडा। ग्राम लोन्डी में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथावाचक संत निरंजन महाराज ने वृंदावन लीला, कंस वध एवं श्री रुक्मणी मंगल का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं भक्ति और धर्म की स्थापना का संदेश देती हैं। कथा के दौरान झांकियों और भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। साहू परिवार द्वारा आयोजित इस नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में 8 अक्टूबर को सुदामा चरित्र व चढ़ोत्तरी कार्यक्रम तथा 9 अक्टूबर को गीता सार, हवन व पूर्णाहुति का आयोजन रखा गया है।



शिक्षकों की लंबित समस्याएं उठाई नवीन शिक्षक संघ ने



उतई। नवीन शिक्षक संघ दुर्ग के जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव व जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को अर्जित अवकाश प्रदान करने, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण में हुई अनियमितता की जांच करने तथा परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक आयोजित करने की मांग रखी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में गिरीश साहू, दीपक साहू, संजय शर्मा एवं टोमन लाल साहू शामिल रहे।

निधन

शुभ्रा चक्रवर्ती

भिलाई। हाउसिंग बोर्ड निवासी पूर्व शिक्षिका शुभ्रा चक्रवर्ती (65 वर्ष) का 6 अक्टूबर की शाम निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 7 अक्टूबर दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के अध्यक्ष काजल चक्रवर्ती की पत्नी, डॉ. प्रिथा चक्रवर्ती और श्रुति चक्रवर्ती की मां थी। उनके निधन पर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के सभी सदस्य सहित भिलाई बंगाली समाज ने श्रद्धांजलि व्यक्त की है।



प्रदूषण बीमारियों और पशुओं के चारे की चुनौती का उठाया मामला

खेरधा चारागाह में बायो-सीएनजी प्लांट का आठ गांवों में हुआ विरोध, महापंचायत में गरजे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा/मुरमुंदा

ग्राम पंचायत खेरधा के चारागाह में प्रस्तावित बायो-सीएनजी प्लांट के विरोध में ग्राम मोहंदी में विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें 8 गांवों के 5 हजार से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल ने चेतावनी दी कि यदि शासन ने बिना ग्रामसभा अनुमति के जारी लीज आदेश को वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि चारागाह की 7 एकड़ भूमि को नियमों के विपरीत 25 साल की लीज पर दिया गया है। शहर का कचरा यहां डंप होने से प्रदूषण, बीमारियां और पशुओं के चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

ग्राम मोहंदी में हुआ महापंचायत, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



विभिन्न मांगों को लेकर आज मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे धमधा के किसान



धमधा। किसान बंधु संगठन के नेतृत्व में पिछले 33 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे किसान 8 अक्टूबर 2026 को रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास में ज्ञापन सौंपेंगे। किसानों की प्रमुख मांगों में कृषि ऋण माफी, ब्याज छूट, नीलाम जमीनों की वापसी, ग्राम परसबोड़ में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का खर्च किसानों पर न डालने तथा ग्राम खैरझिटी स्कूल में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति शामिल है। किसानों ने कहा कि पूर्व में दिए गए आश्वासनों पर कार्रवाई न होने के कारण उन्हें पुनः राजधानी कूच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



11 गांवों की सहभागिता से 41 यूनिट रक्तदान किया लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में 'रक्तदान सेवा संकल्प अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में बोरी, गाड़ाडीह, नवागांव, डोमा, पथरिया, पुरदा, टेकापार, बिरेझर, दनिया, लिटिया और सुखरीकला सहित 11 गांवों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें 41 प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानव सेवा और जीवन रक्षा का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. कमर तलत ने 11 गांवों की इस एकजुटता को सामाजिक समरसता और प्रेरणादायक मिसाल बताया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद प्रतिनिधि ज्ञान यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा तथा साजा विधानसभा के हिंदू युवा मंच संयोजक दुर्गेश लोधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसायटी के संयोजक डॉ. समीर जायसवाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक भागवत कुर्रे के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

- बोरी में रक्तदान सेवा संकल्प अभियान चलाया

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आशुतोष साहू, सुनील देवांगन, डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. हंसराज ठाकुर, डॉ. संगीता शर्मा, सुरेंद्र मेहर, डॉ. मनीषा ठाकुर, कविता ठाकुर, अतिथि प्राध्यापकों (डॉ. भारती, डॉ. नुसरत, अनुराग, डिंकल, डॉ. अर्चना, डॉ. राकेश) तथा कार्यालयीन स्टाफ सोमेश चंद्र एवं सोनम देवांगन का विशेष योगदान रहा।

पाटन मंडल के घुघुवा, करसा और गभरा में आंगन मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत घुघुवा, करसा एवं गभरा ग्रामों में आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सभापति प्रणव शर्मा एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। महिला व बाल विकास अधिकारी संध्या सिंह एवं सुपरवाइजर दुलारी वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस व मेंहदी की प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाई गई। गर्भवती माताओं की गोद भराई और नवजात शिशु गौरव डहरिया का अन्नप्राशन कराया गया। उपस्थित महिलाओं ने महतारी वंदन व मातृ वंदन योजना से मिल रही आर्थिक सहायता के लिए शासन का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचारों को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सरपंच शैलेन्द्री साहू, उपसरपंच कार्तिक साहू, सरपंच कमलेश ठाकुर, पूनम पांडेय, राधिका देवांगन, कौशल्या साहू, अनीता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



खेलकूद व गोद भराई में शामिल हुईं महिलाएं

जामुल। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत काली माता वार्ड नंबर 1 आंगनबाड़ी केंद्र जामुल में 'आंगन मिलन समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश देवांगन एवं महिला मोर्चा भिलाई जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा रहे। अतिथियों द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जैसे आंखों पर पट्टी बांधकर बिंदी लगाना, एक तीली से मोमबत्ती जलाना और कुर्सी दौड़। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ता सावित्री कहरा, सहायिका गौरी निषाद, मितानिन प्रतिमा साहू, कुलेश्वरी भार्गव, परियोजना अधिकारी नीलम राय आदि उपस्थित थे।



पुलगांव-अंडा मुख्य मार्ग पर लगातार हो रहे हादसे, उठी स्पीड ब्रेकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पुलगांव-अंडा मार्ग पर अनियंत्रित रफ्तार और हादसों को रोकने के लिए 'जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी' के उपाध्यक्ष कामेश्वर साहू और ग्रामीणों ने दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पीड ब्रेकर व संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि इस मुख्य मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों, स्कूल बसों और राहगीरों की भारी आवाजाही रहती है। स्पीड ब्रेकर न होने से वाहन चालक अत्यधिक तेज गति से गाड़ियां चलाते हैं, जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में इंसानों और मवेशियों की मौत हो रही है। यह पूरा मार्ग अब संवेदनशील 'ब्लैक स्पॉट' बन चुका है। प्रमुख चौकों पर स्पीड ब्रेकर की मांग की गई है। इनमें कोलिहापुरी स्कूल चौक, कोनारी–भानपुरी मोड़ चौक, कोनारी–भरदा मोड़ चौक और कुथरेल शासकीय स्कूल चौक शामिल हैं। कलेक्टर ने विषय को गंभीरता से लेते हुए आम जनता की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर और संकेतक बोर्ड लगाने की उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



- 'जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी' ने दुर्ग कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन; जल्द स्पीड ब्रेकर बनाने का मिला आश्वासन

मितानिनों व कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



अंडा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं जिला महिला व बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू व परियोजना अधिकारी ऊषा झा के सहयोग से ग्राम खपरी सिलोदा (सेक्टर रसमड़ा, दुर्ग ग्रामीण) में 'संकल्प सेवा आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच व अंजोरा मंडल मंत्री अनसुईया साहू, उपसरपंच दिनेश यादव, पंच उमेश्वरी साहू एवं शक्ति केंद्र प्रभारी नारायण साहू उपस्थित रहे। समारोह में हितग्राहियों ने महतारी वंदन व मातृ वंदना योजना की राशि के सदुपयोग के अनुभव साझा किए। चार महिलाओं की गोदभराई तथा छह माह पूर्ण कर चुके चार बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। महिलाओं व बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, मटका फोड़, रंगोली, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रेडी टू ईट पौष्टिक व्यंजन व थाली प्रदर्शन तथा न्यौता भोज का आयोजन हुआ। कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने वाली माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपोर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

अंचल की खबरें

अखंड रामधुनि सम्मेलन में गूंजे श्रीराम के आदर्श



जामगांव आर। ग्राम किकिरमेटा में त्रि-दिवसीय अखंड रामधुनि सम्मेलन का समापन समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ सरपंच देवकी जेठूराम निषाद, सरपंच अमित अग्रवाल, विधायक निज सहायक देवप्रकाश साहू, संजू साहू एवं कमलेश यादव मंचासीन रहे। सभापति कल्पना साहू ने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समस्त जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत और सही मार्गदर्शक है। उनके विचार, आदर्श, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। समापन अवसर पर जागेश्वर साहू, कांशीराम साहू, मनीष सिन्हा, शेषनारायण सिन्हा, टिकेश्वर साहू, नवीन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने दिलाई गई शपथ



अंडा। ग्राम चंदखुरी में गोपाल यादव, सरपंच कविता ठाकुर, खेमलाल चंद्राकर, हेमलता देशमुख, भूपेन्द्र साहू, नूतन निर्मलकर, गोलू देवांगन, संतोष निर्मलकर, दुर्गेश साहू, यादेश ठाकुर, रंजीता साहू, दुष्यंत चंद्राकर, सुपरवाइजर ममता साहू व मानसी चंद्राकर ने सुपोषण थाली प्रदर्शनी व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। ग्राम डूमरडीह में सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने बाल विवाह व कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई, जहाँ सेक्टर सुपरवाइजर प्रमिला वर्मा, सचिव शोभाराम डहरे, पोषण मार्कण्डेय, धनश्री साहू, हिमानी साहू, प्रमिला विश्वकर्मा, पुष्पा बंजारे, कुंती बंजारे, सुलेखा गायकवाड़ व शकुन भारती की उपस्थिति में शिक्षिकाओं सरोजा मंडावी, ज्योति देवांगन व जागृति मार्कण्डेय ने 3 आंगनबाड़ियों को बच्चों हेतु खिलौने प्रदान किए।

आंगनबाड़ी केंद्रों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार



उतई। ग्राम पंचायत खोपली के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित 'आंगन मिलन समारोह' में विभागीय योजनाओं, बच्चों के पोषण, टीकाकरण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, उतई महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला कामड़े, युवा मोर्चा महामंत्री राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, पंच शुभम वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, सुनीति साहू व सहायिकाओं की सक्रिय भूमिका रही।

'नई तालीम' तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न



कुम्हारी। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'नई तालीम' कार्यशाला आयोजित की गई। फेविक्रिल विशेषज्ञ निवेदिता पंडा ने विद्यार्थियों को कलात्मक व सृजनात्मक गतिविधियाँ सिखाईं। समापन समारोह में संस्था के महाराज जी तथा निदेशिका डॉ. गायत्री जयराज मिश्रा ने शिरकत की। महाराज जी ने विद्यार्थियों को अनुशासन और संस्कारों का महत्व बताते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किए। अंत में प्राचार्य डॉ. ब्रिजेश यादव ने सभी के प्रति आभार जताया।



शासकीय भूमि में अवैध रास्ता निगम ने हटाया, मेसर्स अंजनी डेवलपर्स पर होगी बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के ग्राम जुनवानी में शासकीय भूमि से लगकर निजी भूमि तक अनाधिकृत रूप से पहुंच मार्ग बनाए जाने की सूचना मिलते ही निगम आयुक्त सुरूचि सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त के निर्देश पर जोन क्रमांक-01 एवं भवन अनुज्ञा शाखा की टीम ने मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि पर बनाए जा रहे अस्थायी पहुंच मार्ग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। हरिभूमि ने इस अवैध कब्जे की समाचार प्रमुखता से 6 अक्टूबर को प्रकाशित की थी। इस खबर को संज्ञान में लेते हुए निगम ने यह कार्रवाई की। निगम के मुताबिक ग्राम जुनवानी के खसरा क्रमांक 199 की भूमि शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है।

अस्थाई मार्ग निर्माण को निगम ने किया ध्वस्त, सरकारी दस्तावेज खंगालने में जुटा निगम

पेड़ भी काटे जाने की पुष्टि

निगम की टीम को मौके पर पाया कि शासकीय भूमि से लगी खसरा क्रमांक 130 एवं 140 के कुछ हिस्से तक आवागमन के लिए मेसर्स अंजनी डेवलपर्स द्वारा अनाधिकृत रूप से पेड़ों की कटाई करते हुए अस्थायी पहुंच मार्ग तैयार किया जा रहा था। इसकी मौखिक सूचना निगम आयुक्त को प्राप्त होते ही उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौके पर भेजा। निगम की टीम ने सुबह करीब 10 बजे स्थल पर पहुंचकर शासकीय भूमि पर बनाए जा रहे अनाधिकृत अस्थायी पहुंच मार्गों को ध्वस्त कर दिया। निगम द्वारा मौके पर की गई कार्रवाई से शासकीय भूमि पर बिना अनुमति किसी प्रकार का मार्ग अथवा निर्माण करने की कोशिश को रोक दिया गया।





शासकीय भूमि पर भू-माफियां कर रहे थे कब्जा, निगम ने शुरू की जांच

जुनवानी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, जेसीबी से समतल किया जमीन और काटे फलदार पेड़

हरिभूमि न्यूज, भिलाई

निगम की सतर्कता से पड़ा अवैध प्रतापित

बड़ों पुराना स्कूलन सीटिंग की प्रमाणित

रिश्वतखोर अब तक नहीं कार्रवाई

निगम ने ग्राम निवेश विभाग को भी भेजा पत्र

निगम ने बताया कि भुईयां पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार खसरा क्रमांक 130 एवं 140 के संबंधित भाग के भू-स्वामी मेसर्स अंजनी डेवलपर्स हैं। प्रथम दृष्टया शासकीय भूमि से होकर मुख्य मार्ग से निजी भूमि तक अवैध पहुंच मार्ग बनाए जाने का प्रयास प्रतीत होने पर निगम द्वारा संबंधित संस्था को सूचना प्रेषित की गई है। मामले में निगम द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, दुर्ग से भी पत्राचार किया गया है। इसमें शासकीय भूमि से लगी निजी भूमि के संबंध में किसी संस्था अथवा व्यक्ति को विकास अनुज्ञा प्रदान किए जाने की स्थिति एवं उससे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

सरकारी भूमि के संरक्षण के लिए होगी कार्रवाई

निगम ने शासकीय भूमि के संरक्षण एवं आवश्यक राजस्व कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग को भी मामले की सूचना दी गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर बिना अनुमति किसी प्रकार का अतिक्रमण, निर्माण अथवा अनाधिकृत पहुंच मार्ग बनाने की कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

खबर संक्षेप



आकाशीय बिजली से एक की मौत, एक गंभीर

भिलाई। पुलगांव थाना क्षेत्र के महेश कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बुधवार शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य मजदूर के शरीर में बिजली गिरने के बाद कंपन होने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार शाम तेज बारिश के साथ बिजली कड़क रही थी। इसी दौरान निर्माणाधीन कॉलोनी में काम कर रहे मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में मनोहर यादव निवासी लोरमी की मौत हो गई। उसके शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है। वहीं हादसे में घायल राहुल निषाद को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एक अन्य मजदूर के शरीर में कंपन होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि घटना के समय मौके पर तीन मजदूर काम कर रहे थे। बारिश और बिजली गिरने के दौरान अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद घायल मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

दुकान में मिला मानक से अधिक चावल, खाद्य इंपेक्टर ने पंचनामा तैयार कर सौंपी रिपोर्ट

राशन दुकान में दो-दो कांटे से मचा हड़कंप खाद्य विभाग की टीम ने की जब्ती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के भिलाई में जुनवानी खम्हरिया क्षेत्र में संचालित राशन दुकान (पीडीएस दुकान) में तौल के लिए दो दो कांटे रखे जाने से वहां हड़कंप मच गया। लोगों ने आरोप लगाया कि दुकानदार प्राइवेट कांटा रखकर उन्हें कम तौल दे रहा है। लोगों की शिकायत पर मीडिया के लोग पहुंचे और वीडियोग्राफी करने की कोशिश की तो दुकान की संचालिका ने उनके साथ अभद्रता का आरोप लगाने की कोशिश की। इसके बाद मामले की जानकारी फूड कंट्रोलर अनुराग भदौरिया को दी गई। उन्होंने फूड इंस्पेक्टर चंद्रकांत बघेल को जांच के लिए भेजा। चंद्रकांत बघेल ने जांच पाया कि दुकान में दो कांटा का उपयोग हो रहा था। साथ ही दुकान में रिकार्ड से अधिक चावल होने की बात कही। उन्होंने मामले में जांच कर पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर उसे फूड कंट्रोलर को सौंप दी है। इस मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

जांच अधिकारी चंद्रकांत बघेल ने बताया कि उन्हें सूचना मिलती थी कि पीडीएस दुकान नंबर 4236 में सफेद बोरी में चावल भरकर बेचने के लिए भेजा जा रहा है। इसका वीडियो भी उन्हें भेजा गया। जब वो जांच में पहुंचे तो दुकान संचालिक ने बताया कि दो महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है। कुछ लोग दो पहिया वाहन में एक साथ कई राशन कार्ड लेकर आए थे। उन्हें चावल दिया गया तो वो कई बोरी में आया। उन बोरियों को वो दो पहिया वाहन में रखकर ले जा रहा था। इसके बाद उन्होंने पाया कि दुकान में तौल के लिए दो कांटा रखे गए हैं। एक तो शासकीय कांटा था और दूसरा दुकान संचालिका अपना निजी कांटा रखे थी। लोगों ने आरोप लगाया कि निजी कांटा की तौल में गड़बड़ी है। इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के बाद पंचनामा रिपोर्ट तैयार की गई है। इसे फूड कंट्रोल को सौंपा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई वही करेंगे।

खम्हरिया-जुनवानी क्षेत्र का मामला आया सामने



रिकार्ड से अधिक चावल का भंडारण

जिस समय दुकान में हंगामा हुआ और वहां वीडियो फोटो बनाया गया तो दुकान के अंदर 120 क्विंटल से अधिक चावल का स्टॉक जूट के बोरों में रखा हुआ था। जबकि दुकान के रिकार्ड के मुताबिक वहां मात्र 30-36 क्विंटल तक ही चावल होना था। नियम के मुताबिक यदि किसी दुकान में रिकार्ड से अधिक स्टॉक पाया जाता है तो उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। यहां तक की दुकान भी सस्पेंड हो सकती है।

नॉन से ही मिल में पहुंच रहा चावल

जिले में पीडीएस चावल को हितग्राहियों से खरीदने और फिर उसे कोचिया के जरिए मिल में बेचने के मामले में काफी धर पकड़ शुरू होने के बाद अब दुकान संचालक काफी स्मार्ट हो गए हैं। वो लोग लोगों का चावल ऑनलाइन काट देते हैं, उन्हें पैसे दे देते हैं और उनका चावल का स्टॉक दुकान में पड़ा रहता है। इसके बाद अगले महीने जब फिर से चावल का आबंटन होता है तो अधिक स्टॉक के चावल को हितग्राहियों को बांटा जाता है और जो चावल नॉन के गोदाम से लोड होकर निकलता है उसे वहीं के वहीं मिल में जाकर ट्रक से ही बेच दिया जाता है। जिले में यह खेल काफी बड़ा हो चुका है, लेकिन इसे अधिकारी भी नहीं पकड़ पा रहे हैं।

रिपोर्ट आने के बाद आगे होगी कार्रवाई

4236 दुकान में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। फूड इंस्पेक्टर को जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**अनुराग भदौरिया,** जिला खाद्य नियंत्रक दुर्ग

घर में छिपाकर रखी थीं 24 क्विंटल शासकीय चावल की 60 बोरियां, आरोपी गिरफ्तार



भिलाई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत पात्र राशन कार्डधारियों को वितरित किए जाने वाले शासकीय चावल के अवैध क्रय-विक्रय और भंडारण के मामले में वैशाली नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के मकान से 60 बोरियों में कुल 24 क्विंटल शासकीय चावल बरामद किया है। मामला राजीव नगर, वार्ड 19, थाना वैशाली नगर क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार खाद्य निरीक्षक आशुतोष चंद्राकर की शिकायत और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। मामले में धारा 3 और 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी सोहन चेलक (23 वर्ष) के मकान की तलाशी ली। इस दौरान वहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन कार्डधारियों को वितरित किया जाने वाला चावल 60 बोरियों में कुल 24 क्विंटल पाया गया। बरामद चावल वास्तव में शासकीय खाद्यान्न है या नहीं, इसकी पुष्टि नागरिक आपूर्ति निगम के तकनीकी सहायक के माध्यम से कराई गई। जांच में खाद्यान्न के शासकीय होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा पात्र राशन कार्डधारियों को वितरित किए जाने वाले शासकीय खाद्यान्न का अवैध रूप से क्रय-विक्रय और अदला-बदली कर उसे अपने मकान में भंडारित किया गया था। अब जांच में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि इतनी बड़ी मात्रा में शासकीय चावल आरोपी तक कैसे पहुंचा और इस अवैध कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

पहले भी दर्ज हो चुका है मामला :पुलिस के अनुसार आरोपी सोहन चेलक के खिलाफ इससे पहले भी थाना पुलगांव में धारा 186, 294, 506, 34 भादवि का मामला दर्ज पाया गया है। वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 60 बोरी शासकीय चावल, कुल वजन 24 क्विंटल जब्त किया है। पुलिस अब मामले में आगे की विवेचना कर रही है कि शासकीय राशन की इतनी बड़ी खेप आरोपी के पास कैसे पहुंची और इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क की भूमिका तो नहीं है।

गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहा आरोपी गिरफ्तार



भिलाई। कुम्हारी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.140 किलोग्राम गांजा, एक मोबाइल फोन और 4 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुम्हारी के बड़े तरीय के पीछे एक व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की पहचान परमेश्वर महानद (38 वर्ष), निवासी रूप नगर कुम्हारी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.140 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 55 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और 4 हजार रुपये नकद भी जब्त किए। पुलिस के अनुसार कुल जब्ती करीब 60 हजार रुपए की है। पुलिस ने मामले में धारा 20(ख) एवं 27क एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

हिंदी पखवाड़े में हुए विभिन्न कार्यक्रम

भिलाई। बीएसपी के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े का समापन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि आंचलिक प्रमुख निशीथ कांति दास ने राजभाषा की प्रतिज्ञा दिलाई। अध्यक्षता सलाहकार वीके शाह ने की। अपर महाप्रबंधक सरोश जिब्रान खान व सलाहकार वीके शाह भी उपस्थित थे। संगोष्ठी, निबंध लेखन, पोस्ट कार्ड लेखन, प्रश्नोत्तरी व राजभाषा कार्यशाला जैसे कार्यक्रम हुए थे।

साइबर ठगों को आठ म्यूल खाते बेचे, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर खपाने के लिए अपने बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम के लेनदेन में सहयोग करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है। आरोपियों पर आरोप है कि वे 2 हजार से 15 हजार रुपए तक के कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और मोबाइल सिम दूसरे लोगों को उपलब्ध कराते थे।

पुलिस के अनुसार इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से हासिल रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने और उसके वास्तविक स्रोत को छिपाने के लिए किया जाता था। बैंक खातों के विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के दौरान संबंधित खातों में साइबर ठगी से जुड़ी लाखों रुपये से अधिक की राशि का लेनदेन सामने आया। जांच में सामने आया कि कुछ खाताधारक आर्थिक लाभ के लालच में अपने बैंक खातों से संबंधित जरूरी दस्तावेज और साधन दूसरे व्यक्तियों को उपलब्ध करा रहे थे। इनमें पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक और मोबाइल सिम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, खाताधारकों को इसके बदले 2 हजार से 15 हजार रुपए तक कमीशन या प्रतिफल दिया जाता था। वहीं, एजेंट खाताधारकों से बैंक खाते और उससे जुड़े दस्तावेज हासिल कर उन्हें आगे उपलब्ध कराने के बदले 15 हजार से 20 हजार रुपए तक कमीशन प्राप्त करते थे।



छह थाना क्षेत्रों की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साइबर अपराध और म्यूल बैंक खातों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दुर्ग पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी से जुड़े बैंक खातों की जांच शुरू की थी। तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के लेनदेन और विवेचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद थाना नेवई, पुरानी भिलाई, पाटन, भिलाई नगर, छावनी और एसीसीयू की टीमों ने 7 अक्टूबर को संयुक्त कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को पकड़ा।नेवई थाना 3 आरोपी, भिलाई नगर थाना 2 आरोपी, पुरानी भिलाई थाना 1 आरोपी, पाटन थाना 1 आरोपी और छावनी थाना ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने महादेव साहू (48) निवासी लुचकी पारा दुर्ग, पीलू खिलाड़ी (34) निवासी ग्राम सुरपा थाना जामगांव, विराज कुमार पोल (21) निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई, नीरज कुमार प्रसाद (23) निवासी सेक्टर-7 भिलाई नगर, राबिन सिंह (34) निवासी सेक्टर-7 भिलाई, विशु बंजारे (23) निवासी डुमरडीह उतई, नवीन ठाकुर (23) निवासी संजय नगर सुपेला और टिकेश्वर प्रसाद चन्द्राकर (61) निवासी ड्रीम सिटी भिलाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल सिम, मोबाइल फोन और अन्य संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं।

पेवर ब्लॉक : तकनीकी व वित्तीय स्तर पर कई सवाल हुए खड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई में पेवर ब्लॉक कार्यों को लेकर प्रस्तुत जांच रिपोर्ट पर भाजपा ने प्रेसवार्ता ली। पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित कर जांच कराना स्वागत योग्य कदम है।

- भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर उठाए सवाल

जांच रिपोर्ट नगर निगम को सौंपे जाने से मामले में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, लेकिन रिपोर्ट के अध्ययन के बाद भी तकनीकी, वित्तीय और प्रक्रियात्मक स्तर पर कई सवालों के जवाब स्पष्ट नहीं हैं। प्रेस कांफ्रेंस में भिलाई शहर अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा आदि मौजूद थे।



संतोष मौर्य ने कहा कि इस पूरे मामले में सांसद विजय बघेल, जिला संगठन प्रभारी रामजी भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, भाजपा संगठन और भाजपा के समस्त पार्षद दल ने लगातार सहयोग किया। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास और लगातार संघर्ष का परिणाम है कि मामला जांच के स्तर तक पहुंचा और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। उन्होंने कहा कि जांच समिति द्वारा सामने लाई गई करीब 16 लाख 85 हजार 457 रुपए की राशि, माप पुस्तिका में दर्ज विभिन्न कार्यों तथा वास्तविक कार्यों के भौतिक परीक्षण की तुलना में कम प्रतीत होती है। इसलिए जांच को केवल कुछ मदों तक सीमित न रखकर पूरे कार्य और उससे जुड़े भुगतान का विस्तृत वित्तीय एवं तकनीकी परीक्षण किया जाना चाहिए।

संतोष मौर्य ने बताया कि जिन स्थानों पर जांच समिति ने स्थल निरीक्षण किया, वहां स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में पंचनामा नहीं बनाया गया। स्थल की वास्तविक स्थिति और कराए गए कार्य की पुष्टि के लिए स्थानीय पंचनामा महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकता था। माप पुस्तिका में दर्ज मात्रा और मौके पर वास्तविक कार्य के बीच मिलान किया गया या नहीं, इसकी स्पष्ट जानकारी रिपोर्ट में नहीं है। खुदाई, फिलिंग और बेस कंक्रीट की वास्तविक मात्रा एवं गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन किस तरह किया गया, यह स्पष्ट होना चाहिए। जिस निविदा को बिल्डिंग एसओआर के अंतर्गत आमंत्रित किया गया, उसमें 80 एमएम पेवर ब्लॉक का आइटम उपलब्ध नहीं है। ऐसे में 80 एमएम पेवर ब्लॉक का कार्य किस एसओआर अथवा स्वीकृत दर के आधार पर कराया गया।

बिना शुल्क निर्धारण के काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने पर रहेगी रोक

विद्यार्थियों को राहत : विनियामक समिति के माध्यम से होगा निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालय में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अब फीस निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के छात्र-छात्राओं के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और संस्थानों के तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शुल्क का निर्धारण अब प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति (एएफआरसी) रायपुर के माध्यम से किया जाएगा। इस आशय के आदेश उच्च शिक्षा विभाग ने जारी कर दिए हैं। इस निर्णय से सभी कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में शुल्क निर्धारण में एकरूपता, निष्पक्षता और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी।

नियम नहीं माना तो काउंसलिंग और प्रवेश पर प्रतिबंध

जिन निजी संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रमों के लिए रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति से शुल्क निर्धारण नहीं कराया है, उन्हें राज्य की प्रवेश या काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन संस्थानों ने शुल्क निर्धारण के लिए विनियामक समिति में आवेदन कर दिया है और प्रक्रिया विचाराधीन है, उन्हें निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र देने के बाद ही सशर्त प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है। ऐसे संस्थानों को संभावित शुल्क की राशि विभागीय पोर्टल पर तुरंत प्रदर्शित करनी होगी।

वेबसाइट पर शुल्क प्रदर्शन अनिवार्य

प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति द्वारा शुल्क निर्धारित होने के बाद, संबंधित संस्थान को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। इसके साथ ही, यह जानकारी प्रशासनिक विभाग की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जाएगी ताकि छात्रों और अभिभावकों को सटीक शुल्क की जानकारी मिल सके।

अतिरिक्त वसूली पर रोक

निजी संस्थान वेबसाइट पर प्रदर्शित शुल्क के अलावा किसी भी प्रकार की अन्य अनधिकृत या अतिरिक्त राशि विद्यार्थियों से नहीं वसूल सकेंगे। किसी भी अन्य मद में लिए जाने वाले शुल्क का स्पष्ट विवरण भी सार्वजनिक करना होगा।वर्तमान में प्राइवेट यूनिवर्सिटी और कॉलेज विद्यार्थियों से अन्य शुल्क भी वसूली कर लेते हैं। अब विद्यार्थियों को इससे मुक्ति मिलेगी और आर्थिक लाभ पहुंचेगा।

समिति अधिनियम में संशोधन का ला रही प्रस्ताव

प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति की हुई बैठक के निर्णय के अनुसार छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 36(8)(ख) में परंतुक (प्रवाइजो) जोड़ने हेतु आवश्यक प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन का यह कदम निजी शिक्षा क्षेत्र में मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाने और प्रतिभावान छात्रों को शोषण से बचाने में बेहद मददगार साबित होगा।



हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



दो साल के नन्हों से 70 वर्ष तक...

लाइव इवेंट

प्राकृतिक रंगों से सजी रंगोली में दिखी देश के विकास की तस्वीर



भिलाई। भारत सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने बुधवार को प्राकृतिक रंगों से आकर्षक और संदेशपरक भव्य रंगोली तैयार की। खास बात यह रही कि रंगोली को केवल सजावट तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि इसमें देश में हुए विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों को चित्रों, प्रतीकों और संदेशों के माध्यम से दर्शाया गया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और सीईओ सोनल रूंगटा भी शामिल हुए। रंगोली में डिजिटल परिवर्तन, स्वच्छता, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, अंतरिक्ष एवं नवाचार सहित कई विषयों को शामिल किया गया। रंगोली में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनसे जुड़े प्रतीकों को भी स्थान दिया गया। डिजिटल परिवर्तन के तहत यूपीआई, स्वच्छता से जुड़े कार्य, किसानों के लिए सहायता, महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय समावेशन जैसे विषयों को अलग-अलग चित्रों के माध्यम से दिखाया गया। इसके साथ ही अंतरिक्ष और नवाचार के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों को भी रंगोली का हिस्सा बनाया गया। इस तरह विद्यार्थियों ने एक ही रचना के माध्यम से विकास, जनसेवा और बदलते भारत की तस्वीर सामने रखने का प्रयास किया।

प्राकृतिक रंगों का उपयोग

रंगोली को तैयार करने में प्राकृतिक रंगों और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया गया। सेवा संकल्प अभियान की राज्य स्तरीय रूपरेखा में भी रंगोली राष्ट्र, भारत मंडल गतिविधि के लिए फूल, मिट्टी, रेत, चावल, बीज, पत्ते और प्राकृतिक रंगों के इस्तेमाल का प्रावधान किया गया है। इसमें देश की परंपरा, प्रकृति, संस्कृति और विकास को एक साथ रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित करने की परिकल्पना की गई है। इस गतिविधि में यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस. भारती एवं डॉ. प्रतिभा सुरेश कुरुप के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रंगोली तैयार की गई।



लाइव इवेंट

नहीं मिटेगा सिंदूर.. नुक्कड़ नाटक की दी शानदार प्रस्तुति



भिलाई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरोदा में विद्यार्थियों ने नहीं मिटेगा सिंदूर नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य जे.पी. श्याम के संयोजन में किया गया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर की विषय-वस्तु और देशसेवा के भाव को प्रभावी संवाद एवं अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया।

प्राचार्य जे.पी. श्याम ने स्वागत वक्तव्य में सेवा संकल्प एवं नमो सेवा के तहत विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने रंगोली, दीप प्रज्वलन सहित कक्षा चौथी की छात्रा के राज्य स्तरीय प्रस्तुति के लिए चयनित होने की जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि उप नेता प्रतिपक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, परिस्थितियों से आगे बढ़ने और देशसेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि पूर्णिमा ठाकुर ने जनकल्याणकारी कार्यों में सहभागिता का आह्वान किया। वार्ड पार्षद अपर्णा दास ने देश के विकास में नागरिकों की भूमिका पर विचार रखे। एसएमडीसी अध्यक्ष विश्वनाथ सिन्हा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति और संवाद शैली की सराहना करते हुए उन्हें देशसेवा के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक का संवाद लेखन एवं निर्देशन राम कुमार वर्मा ने किया। सरिता वैद्य, मधुमती नायक सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। प्रस्तुति में साधना यादव, वैष्णवी शर्मा, प्रियंका, रानंदिनी दलाई, प्रतिमा महतो, भाग्यश्री, एस. लवली, नव्या वर्मा, राघवेंद्र धुर्वे, भावेश भैसारे, पंकज निषाद, राजवीर, राहुल वर्मा, तामेश्वर यादव, रिपूसुदन मिश्रा सहित विद्यार्थियों ने भूमिका निभाई।

● हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, सप्तमी की तिथि दो दिन, अष्टमी-नवमी एक ही दिन

गुरु-चंद्रमा की विशेष स्थिति से बनेगा गजकेसरी योग, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, पितृपक्ष के समापन के साथ 11 अक्टूबर से शुरू होगा देवीपक्ष

पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और तर्पण के बाद अब शक्ति आराधना के पर्व का इंतजार है। 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ पितृपक्ष का समापन होगा और इसी के साथ देवीपक्ष की शुरुआत मानी जाएगी। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर, रविवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इसी दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना शुरू होगी। इस बार नवरात्रि की शुरुआत रविवार को होने के कारण धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। इसे सुख, समृद्धि और अच्छी वर्षा का शुभ संकेत माना जाता है। महालया के बाद शहर के देवी मंदिरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों में भी नवरात्रि की तैयारियां तेज हो गई हैं।

भिलाई। इस बार नवरात्रि की तिथियां भी खास हैं। सप्तमी तिथि का विस्तार दो तारीखों 17 और 18 अक्टूबर तक रहेगा। वहीं 18 अक्टूबर की सुबह अष्टमी तिथि शुरू होने के बाद 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी का संयोग बनेगा। पंचांग गणना के अनुसार अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर की सुबह करीब 8.27 बजे से 19 अक्टूबर की सुबह 10.51 बजे तक रहेगी। 19 अक्टूबर को सूर्योदय के समय अष्टमी विद्यमान रहेगी और सुबह 10.51 बजे के बाद नवमी तिथि शुरू होगी। इसलिए इसी दिन महागौरी की पूजा, कन्या पूजन तथा नवमी के धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। 20 अक्टूबर को विजयादशमी और दशहरा मनाया जाएगा।

उदया तिथि से 11 अक्टूबर को घटस्थापना

आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात करीब 9.19 बजे शुरू होकर 11 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे तक रहेगी। शास्त्रीय परंपरा में उदया तिथि को महत्व दिए जाने के कारण नवरात्रि का पहला दिन 11 अक्टूबर माना जाएगा। इसी दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इसके बाद 12 अक्टूबर को ब्रह्मचारिणी, 13 को चंद्रघंटा, 14 को कूष्मांडा, 15 को स्कंदमाता, 16 को कात्यायनी, 17 और 18 अक्टूबर को सप्तमी से जुड़ी कालरात्रि पूजा तथा 19 अक्टूबर को महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना होगी।


नौ दिन की ही होगी नवरात्रि

आचार्य पंडित संदीप तिवारी के अनुसार तिथियों के दो तारीखों में विस्तार और अष्टमी-नवमी के एक ही दिन आने से भले ही कैलेंडर में तिथियां कुछ अलग दिखाई दे रही हों, लेकिन नवरात्रि नौ दिनों की ही मानी जाएगी। 11 से 19 अक्टूबर तक देवी के नौ स्वरूपों की आराधना होगी और 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ पर्व का समापन होगा।

गजकेसरी योग से बढ़ेगाज्योतिषीय महत्व

ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार नवरात्रि के आरंभ के साथ गुरु और चंद्रमा की विशेष स्थिति से गजकेसरी योग बन रहा है। वैदिक ज्योतिष में गुरु और चंद्रमा की विशेष केंद्र स्थिति से बनने वाले इस योग को ज्ञान, प्रतिष्ठा, आत्मविश्वास और आर्थिक उन्नति से जोड़कर देखा जाता है। नवरात्रि जैसे शक्ति आराधना के पर्व में इस योग को विशेष शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इसका प्रभाव व्यक्ति के आर्थिक, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर सकारात्मक रूप में पड़ सकता है।





मंदिरों में शुरू हुई नवरात्रि की तैयारी

शारदीय नवरात्रि को लेकर शहर के देवी मंदिरों में तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई, रंगरोगन, विद्युत सजावट और पूजा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई मंदिर समितियां नौ दिनों के लिए विशेष पूजा, आरती, भजन और कन्या पूजन की तैयारियों में जुटी हैं। 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना का क्रम शुरू होगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए दर्शन, प्रसाद और अन्य व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जा रहा है।

नवरात्रि का दिनवार क्रम

11 अक्टूबर, रविवार — प्रतिपदा, घटस्थापना, मां शैलपुत्री
12 अक्टूबर, सोमवार — द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी
13 अक्टूबर, मंगलवार — तृतीया, मां चंद्रघंटा
14 अक्टूबर, बुधवार — चतुर्थी, मां कूष्मांडा
15 अक्टूबर, गुरुवार — पंचमी, मां स्कंदमाता
16 अक्टूबर, शुक्रवार — षष्ठी, मां कात्यायनी
17 अक्टूबर, शनिवार — सप्तमी, मां कालरात्रि
18 अक्टूबर, रविवार — सप्तमी तिथि का विस्तार और सुबह से अष्टमी तिथि
19 अक्टूबर, सोमवार — अष्टमी-नवमी, मां महागौरी व मां सिद्धिदात्री, कन्या पूजन
20 अक्टूबर, मंगलवार — विजयादशमी/दशहरा



सेल एम्पलाईज टेटे चैम्पियनशिप के लिए बीएसपी टीम की चयन स्पर्धा 12 को

भिलाई। सेल एम्पलाईज टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला) चैम्पियनशिप 2026-27 में भाग लेने भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 12 अक्टूबर 2026 को शाम 6 बजे बीएसपी स्टील क्लब, सेक्टर-8 में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर द्वारा 29 से 31 अक्टूबर तक बर्नपुर में आयोजित होने वाली इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए बीएसपी टीम का चयन इस स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित पुरुष एवं महिला कार्मिक स्टील क्लब, सेक्टर-8, भिलाई में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक रहेंगे।

चिकित्सा परामर्श शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

भिलाई। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, गुरु घासीदास नगर में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों को आवश्यक चिकित्सा परामर्श देने के साथ स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी और बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सतिंदर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी, रायपुर संभाग संयोजक डॉ. अनुज खरे, भिलाई जिला सह-संयोजक डॉ. नवीला शर्मा, डॉ. ज्योत्सना मिश्रा, डॉ. शेखर ताम्रकार तथा जिला मीडिया सह-प्रभारी डॉ. मंगलम सहित चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वैशाली नगर मंडल में चिकित्सा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. सविता ललित मोहन को दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने शिविर के आयोजन में अपनी भूमिका निभाई। सह-संयोजक डॉ. आई. के. हिरवानी ने भी शिविर के आयोजन एवं संचालन में सहयोग किया। इस अवसर पर वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष शशि भगत, निखिल सोनी और पारस जांगड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के हेड मास्टर पी. के. सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. प्रदीप चौधरी ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए नियमित स्वास्थ्य जागरूकता और समय पर चिकित्सा परामर्श जरूरी है। इसी उद्देश्य से चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जनसेवा से जुड़े कार्य लगातार किए जा रहे हैं। शिविर का आयोजन सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया।





नेहरू आर्ट गैलरी में कल से वन्यजीवन छायाचित्रों की समूह प्रदर्शनी

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में प्रकृति एवं वन्यजीवन पर आधारित "वन्य जीवन पर छायाचित्रों की समूह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे मुख्य अतिथि बीएसपी के सीजीएम सी श्रीनिवास शेषु, मुख्य महाप्रबंधक (द्वारा किया जाएगा।

प्रदर्शनी में ईश्वर कुमार पटेल, राहुल वेलायुधन पी.वी. एवं शरित शेखर बर्मन द्वारा पक्षियों, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक परिवेश के मनोहारी छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी 8 से 10 अक्टूबर तक आम दर्शकों के लिए प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।

कार्नर न्यूज

बाल लीलाओं, माखन चोरी प्रसंग, श्रीगोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग की कथा का किया भावपूर्ण वर्णन

गंगा, गौ और गायत्री से है भारत की महिमा, गौ सेवा से जीवन में आती है समृद्धि जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य

भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई के कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार, नटखट बाल लीलाओं, माखन चोरी प्रसंग, श्रीगोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि भारत देश की महिमा गंगा, गौ और गायत्री से है। आज गौमाता की जो दुर्दशा हो रही है, वह चिंतनीय है। सनातन संस्कृति में गौमाता को पूजनीय माना गया है। जिस घर में गौमाता का वास होता है, वहां दरिद्रता नहीं आती। गौमाता में लक्ष्मी का वास माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौमाता का पूजन, सम्मान और सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और रुके हुए कार्य पूर्ण होने लगते हैं। गौसेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धा और समर्पण के साथ गौमाता की सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।



हृदय में भगवान का चिंतन बनाए रखें

कथावाचक ने कहा कि जीवन में जिस किसी से भी शिक्षा मिले, उसे ग्रहण कर लेना चाहिए। मनुष्य को निंदा और स्तुति के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। प्रशंसा और आलोचना दोनों से ऊपर उठकर अपने हृदय में भगवान का चिंतन बनाए रखना चाहिए। जीवन का उद्देश्य दूसरों की बातों में उलझना नहीं, बल्कि अपने आचरण को भगवान की भक्ति और सद्मार्ग से जोड़ना होना चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बालकृष्ण की नटखट बाल लीलाओं एवं माखन चोरी की मनोहारी कथा सुनाई। बाल स्वरूप श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा।

इसके पश्चात श्रीगोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का प्रसंग आया। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा करने की लीला का वर्णन किया। छप्पन भोग के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का स्मरण किया और पूरा कथा परिसर भक्ति एवं उल्लास से सराबोर हो उठा। कथा के पश्चात आयोजक मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया।



सिटी इवेंट

स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान चलाया सफाई अभियान



भिलाई। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता से सेवा अभियान के तहत स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में स्वच्छ पाठशाला एवं स्वच्छता फॉर युवा कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर के साथ सार्वजनिक स्थलों और तालाबों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास का वातावरण साफ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वच्छता को केवल विशेष अभियानों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों की नियमित गतिविधि और जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की महत्वपूर्ण क्षमता रखती है। उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक नागरिक अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी स्वयं स्वीकार करे। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए स्वच्छ परिसर, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ऐसी गतिविधियां आगे भी जारी रखने की बात कही गई।



सिटी इवेंट

क्वालिटी रत्न सम्मान से सम्मानित हुए डीके श्रीवास्तव



भिलाई। क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया क्यूसीएफआई के कार्यकारी निदेशक एवं भिलाई के वरिष्ठ मार्गदर्शक डीके श्रीवास्तव को गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित क्वालिटी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। भुवनेश्वर स्थित शिक्षा ओ अनुसंधान एसओए डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कैंपस-2 में आयोजित भुवनेश्वर क्वालिटी अधिवेशन में उन्हें शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पट्टिका भेंट की गई। सम्मान प्रदान करने वालों में एस्सार मीन मेट के सीएमडी शशि शेखर मोहंती, टाटा पावर एनओडीएल के सीईओ डी. के. त्यागी, जिंदल स्टेनलेस जाजपुर के यूनिट हेड दीपक अग्रवाल, एसओए यूनिवर्सिटी की सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व आईआईटी खड़गपुर निदेशक व पूर्व एआईसीटीई अध्यक्ष प्रो. डॉ. दामोदर आचार्य, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. पी. के. पात्रा, प्रो. डॉ. दुर्योधन जेना तथा भुवनेश्वर चैप्टर के सचिव आर. एस. दास शामिल रहे। सम्मान समिति के निर्णायक मंडल के सदस्य सत्यवान नायक ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। इसमें श्रीवास्तव द्वारा देश में क्वालिटी सर्कल आंदोलन के विस्तार, लीन क्वालिटी सर्कल, 5-एस एवं टीपीएम को बढ़ावा देने और 35 से अधिक क्यूसीएफआई चैप्टरों के विस्तार में योगदान का उल्लेख किया गया। उन्होंने दो लाख से अधिक लोगों को गुणवत्ता उपकरणों का प्रशिक्षण दिया है। उनके नेतृत्व में क्यूसीएफआई ने चार विश्व रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिनमें सर्वाधिक सहभागिता, सर्वाधिक फैकल्टी दिवस, 10,243 आजीवन सदस्य और 405 इकाइयों का 5-एस प्रमाणन शामिल है। समारोह में उपस्थित उद्योग एवं शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया।

प्रेमचंद जयंती पर केंद्रीय जेल में गूंजेंगी कविताएं, काव्य गोष्ठी आज

भिलाई। मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर केंद्रीय जेल दुर्ग में 8 अक्टूबर को साहित्य और कविता के जरिए बंदियों से संवाद की पहल होगी। लोककला दर्पण मंच की ओर से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जेल परिसर में विशेष काव्य गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के कवि और शायर अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, संवेदना, मानवीय मूल्यों और सकारात्मक जीवन का संदेश देंगे। इस दौरान कवयित्री सीमा अष्टमी साहू, वरिष्ठ गजलकार सुनील यादव, गजलकार एवं हज़लकार रियाज़ गौहर, हास्य कवि एवं शायर-गजलकार डॉ. नौशाद सिद्दीकी तथा कवयित्री एवं पार्षद नोमिन साहू अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के बीच साहित्य की पहुंच बढ़ाने के साथ उनमें सकारात्मक सोच, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। कविता के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि जीवन में हुई गलतियों से सीख लेकर व्यक्ति बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकता है और समाज की मुख्यधारा से दोबारा जुड़ सकता है।मुंशी प्रेमचंद ने अपनी कहानियों और उपन्यासों में समाज की वास्तविक परिस्थितियों, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को प्रमुखता से उठाया। उनकी इसी विचारधारा को केंद्र में रखते हुए यह आयोजन साहित्य को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विचार और बदलाव का माध्यम बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

● अग्रवाल समाज में रंगारंग स्पर्धाओं का आयोजन, सेक्टर 6 में आज रक्तदान से कार्यक्रम होगी शुरू

दो साल के नन्हों से 70 वर्ष तक की महिलाओं ने दिखाया हुनर, आज रक्तदान कर देंगे सेवा का संदेश

भिलाई। अग्रसेन जयंती के अवसर पर भिलाई-दुर्ग में अग्रवाल समाज की विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसमें सभी आयु वर्गों के लोग उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे है। दुर्ग के अग्रसेन भवन में दो साल के नन्हे बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाओं ने विभिन्न रचनात्मक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई, वहीं भिलाई में गुरुवार से शुरू हो रहे अग्रसेन जयंती महोत्सव में रक्तदान से सेवा का संदेश दिया जाएगा। दोनों ही स्थानों में धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों के जरिए समाज की अलग-अलग पीढ़ियों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है।



दुर्ग में मिट्टी, रंग और हुनर का दिखा रंग

अग्रवाल समाज दुर्ग की ओर से अग्रसेन भवन में समाज के विभिन्न आयु वर्ग के सदस्यों के लिए रचनात्मक, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दो वर्ष के नन्हे बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने मिट्टी और रंगों के माध्यम से कल्पनाशीलता दिखाई, तो महिलाओं ने पाक-कला, रचनात्मकता और अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में क्ले मेकिंग, मेमोरी गेम, अंदर कुछ और बाहर कुछ, कुकिंग प्रतियोगिता, गोल्डन दीवा, रंगों का मायाजाल तथा 'देखो ध्यान से, लिखो शान से' जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। 'अंदर कुछ और बाहर कुछ' ने प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति को परखा, वहीं 'देखो ध्यान से, लिखो शान से' में ध्यान, स्मरण शक्ति और लेखन कौशल की परीक्षा हुई। 'गोल्डन दीवा' और 'रंगों का मायाजाल' में भी प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ललित सक्सेरिया और महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि प्रतियोगिताओं की रूपरेखा समाज के हर आयु वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। महिला मंडल अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, प्रीति राज गड़ियां, गौरव अग्रवाल, अमूल बंसल और रजत अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में सदस्यों की बढ़ती भागीदारी से आयोजन को लेकर उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम में संजय रुंगटा, कैलाश रुंगटा, संजय गर्ग, वंदना गुप्ता, संगीता अग्रवाल, संजना पोद्दार, स्मिता मित्तल, शालिनी अग्रवाल, दीप्ति बंसल, मनीषा अग्रवाल और अनीता नवल अग्रवाल सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



भिलाई में आज से महोत्सव पहले दिन रक्तदान

अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार यानी आज से होगा। सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन में 11 अक्टूबर तक धार्मिक, सामाजिक, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। महोत्सव के पहले दिन सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल और डॉ. अनूप गुप्ता होंगे। समाज की ओर से अग्रबंधुओं से रक्तदान कर सेवा कार्य में सहभागी बनने की अपील की गई है। इसके बाद दोपहर 2 बजे से क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ महिला समिति की ओर से विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश जैन, अशोक जैन और विकास सिंघल होंगे। महोत्सव के दौरान समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल और महासचिव अनिल जिंदल ने समाज के सभी अग्रबंधुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को समाज की परंपराओं और संस्कारों से जोड़ते हैं। महिला समिति की अध्यक्ष उमा अग्रवाल और महासचिव सरिता अग्रवाल के नेतृत्व में तैयारियां की गई हैं। आयोजन की व्यवस्थाओं में बबीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अनिल गुप्ता, दिनेश लोहिया, दिनेश सिंघल, कैलाश पिलानिया, शरद अग्रवाल, मनोज देवरालिया और दिलीप अग्रवाल सहित समाज के अन्य का योगदान रहा।

दुर्ग-भिलाई के समाज के लोग हुए एकत्रित

राष्ट्रीय अधिवेशन में सामाजिक एकता, शिक्षा रोजगार और राजनीतिक भागीदारी पर हुआ मंथन



भिलाई। अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप, कहार, निषाद, भोई, केवट, कोली, धीवर समन्वय समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित किया गया। अधिवेशन में 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 151 संगठनों के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक बंधुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर दुर्ग जिला सहित छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अधिवेशन में सामाजिक एकता के साथ शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि एवं समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों तथा सभी राज्यों में राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। अधिवेशन के दौरान छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने छत्तीसगढ़ निषाद समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने समाज के बच्चों को निःशुल्क यूपीएससी एवं सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी उपलब्ध कराने की पहल के बारे में बताया। इस योजना के माध्यम से समाज के बच्चों को उनकी रुचि एवं आवश्यकता के अनुसार दिल्ली, मुंबई सहित अन्य प्रमुख शहरों में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वहीं युवा मोर्चा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद दुर्ग एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद ने अधिवेशन में उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

अधिवेशन में समाज के युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं की शिक्षा, कौशल विकास और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना आवश्यक है। इस दौरान निषाद समाज की ओर से सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, संगठन को मजबूत करने तथा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। विभिन्न राज्यों में समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों को साझा किया गया। इस अवसर पर दुर्ग जिला सहित छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अधिवेशन ने विभिन्न राज्यों के समाजबंधुओं को एक सूत्र में जोड़ने, सामाजिक संगठन को मजबूत करने तथा शिक्षा, रोजगार एवं राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

जैनेश्वरी दीक्षा से पहले हुई गोद भराई

बिंदोली में उमड़ा सकल दिगंबर जैन समाज



दुर्ग। जैनेश्वरी दीक्षा लेने जा रहे ब्रह्मचारी भैया की गोद भराई और बिंदोली का आयोजन विद्युत नगर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से किया गया। पट्टाचार्य गुरु विशुद्ध सागर जी महाराज के संघ के साथ मुनि आदित्य सागर जी महाराज के जयपुर संघ से जुड़े बाल ब्रह्मचारी भैया जी को सुसज्जित बग्घी में विराजमान कर गाजे-बाजे और जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि जैनेश्वरी दीक्षा लेने वाले ब्रह्मचारी भैया जी के सम्मान में बिंदोली निकाली जाती है। इस दौरान समाज के सदस्य उनकी गोद भराई कर दीक्षा के लिए शुभकामनाएं और मंगल आशीर्वाद देते हैं। लंबे समय से गुरु सानिध्य में रहकर संयम, तप, त्याग और साधना के मार्ग पर चल रहे भैया जी अब जैनेश्वरी दीक्षा के पात्र हुए हैं। उनकी दीक्षा 16 दिसंबर को जयपुर में प्रस्तावित है। इस अवसर पर अतिशय, विशाल, रोहित और नवदीक्षित ने दुर्ग नगर गौरव आराध्य सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद और मांगलिक प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि जैनेश्वरी दीक्षा गृहस्थ जीवन का त्याग कर संयम और मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ने की कठिन साधना है। दीक्षा के बाद साधु जीवन अपनाकर दिगंबर मुनि के रूप में धर्म, ज्ञान और आध्यात्मिक संदेश के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन देंगे। यह मार्ग त्याग, तपस्या और आत्मसंयम की कठिन साधना से जुड़ा है, जिसे चुनने वाले साधक बहुत कम होते हैं। बिंदोली और गोद भराई के आयोजन में नागपुर प्रांतीय सभा के अध्यक्ष मनोज लोहारिया, रमेश बाकलीवाल, अभिषेक जैन, राकेश जैन सहित समाज के अनेक सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

पितृपक्ष अष्टमी पर सिंधी समाज ने मनाया महालक्ष्मी पर्व

कार्नर न्यूज



सगड़े बांधकर, परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार दीप जलाए, कथा सुनकर मांगी आरोग्य और कल्याण

भिलाई। पितृपक्ष की अष्टमी पर सिंधी समाज का पौराणिक महालक्ष्मी पर्व साईं झूलेलाल धाम, 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। समाज की महिलाओं ने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार दीप जलाए, रक्षासूत्र यानी सगड़े को खोलकर उसमें मीठे पकवान बांधे और माता महालक्ष्मी को सेवईं सहित विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर परिवार की सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की।पर्व के लिए महिलाएं शाम 6 बजे से झूलेलाल धाम पहुंचने लगी थीं। राधाष्टमी पर बांधे गए रक्षासूत्र को पितृपक्ष की अष्टमी पर खोलकर परंपरा के अनुसार सगड़े में मीठे पकवान बांधे गए। परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार आरती के दीप सजाकर माता महालक्ष्मी की पूजा की गई। कथा के बाद भोग लगाए गए पकवानों का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया और घर ले जाकर परिवार के सदस्यों में बांटा।





राजा-रानी की कथा सुनाई

कथावाचक कमला भगत ने महालक्ष्मी पर्व से जुड़ी पौराणिक कथा सुनाई। कथा के अनुसार उज्जैन के न्यायकारी राजा को वन में शिकार के दौरान गोपियों ने रक्षासूत्र यानी सगड़ा बांधा और इसकी विधि बताई। सगड़े को हल्दी में डुबोकर चावल का स्पर्श करवाते हुए 16 गांठ बांधने और 16 दिन बाद इसे उतारकर कथा सुनने की परंपरा बताई गई। राजा ने महल लौटकर यह रक्षासूत्र रानी को सौंप दिया, लेकिन रानी ने अभिमानवश उसे फेंक दिया। इसके बाद उसके जीवन में परेशानियां आने लगीं। राजा से विवाद के बाद रानी को राज्य छोड़ना पड़ा। भटकते हुए वह कुम्हार के घर पहुंची, लेकिन वहां भी उसे भोजन के लिए बर्तन नहीं मिले। नदी में पानी पीने पहुंची तो नदी सूख गई और बाग में फल खाने गई तो बाग भी सूख गए। इसके बाद रानी एक जोगी के आश्रम पहुंची और उसकी सेवा करने लगी। उसने महालक्ष्मी का व्रत रखकर रक्षासूत्र बांधा। माता की कृपा से उसके स्पर्श से वीरान और सूखी चीजें फिर हरी-भरी होने लगीं। इसी दौरान शिकार करते हुए राजा भी जोगी के आश्रम पहुंचा और वहां रानी से उसका मिलन हुआ। कथा में महालक्ष्मी की कृपा, श्रद्धा और परंपरा के महत्व का संदेश दिया गया। कथा के समापन पर आदर्श सिंध ब्रादर मंडल एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली के श्रद्धालुओं को समाज अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी और महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने महालक्ष्मी पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माता महालक्ष्मी से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।


सिटी स्पोर्ट्स

छत्तीसगढ़ के दो तीरंदाज एडवांस ट्रेनिंग लेंगे तुर्की में



रायपुर। हाल ही में राजधानी में आयोजित 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में ऊर्जाधानी कोरबा के युवा तीरंदाजों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रिकर्व स्पर्धा में गितेश यादव (पिता धनाऊ यादव) ने पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं युवराज यादव (पिता संतोष यादव) ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही दोनों प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने जयपुर में आयोजित होने वाली आगामी 'जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप' के लिए छत्तीसगढ़ टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया है।वहीं भारतीय टीम के फॉरेन एक्सपोजर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दोनों तीरंदाजों का चयन तुर्की में एडवांस ट्रेनिंग के लिए किया गया है, जो उनके खेल करियर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका, कोच भरत यादव, भानु यादव, कृष चौहान, सेद कुमार यादव, देवेंद्र सोनी एवं राहुल यादव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन होगा 11 को



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्क्वैश संघ द्वारा आगामी 82वीं नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनियर टीम के गठन किया जा रहा है। इसके लिए चयन ट्रायल आगामी 11 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से रायपुर के बुढापारा स्थित स्क्वैश कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 22 नवंबर तक मुंबई में किया जाएगा। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी तय समय-सीमा तक अपना पंजीयन कराकर ट्रायल में शामिल हो सकते हैं।

वेस्ट ज़ोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रायपुर को मिले 15 पदक



रायपुर। गोवा में आयोजित वेस्ट ज़ोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजधानी स्थित एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। बोर्डिंग एवं डे-बोर्डिंग वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी छाप छोड़ी और कुल 2 स्वर्ण, 9 रजत तथा 4 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए मुकुंद वर्मा ने लॉन्ग जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं अभिषेक कुमार ने 4×400 मीटर रिले दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदकों की श्रृंखला में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। योगेंद्र सिंह ने 110 मीटर हर्डल्स अंडर-18 में, पूनम राज ने जेवलिन थ्रो में, मोनिश साहू ने मेडले रिले में, अभिषेक कुमार ने 400 मीटर दौड़ में तथा सिद्धार्थ नागेश ने शॉट पुट स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसके साथ ही किरण ध्रुव ने 100 मीटर अंडर-18 और मेडले रिले दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किया। बिरेंद्र ध्रुवा ने रिले स्पर्धा में तथा किरण पटेल ने 400×100 मीटर रिले स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। कांस्य पदकों की श्रेणी में कृष्णपाल सिंह ने रिले अंडर-18 में, अनंत कुमार साव ने शॉट पुट में, संदीप सिंह पोर्ते ने हेप्टाथलॉन अंडर-18 में तथा किरण ध्रुव ने लॉन्ग जंप अंडर-18 स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल में कवर्धा ने जीता दोहरा स्वर्ण पदक



दुर्ग। 26वीं शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका स्पर्धा का आयोजन सारंगढ़ में 04 से 07 अक्टूबर तक हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले से जूनियर बालक वर्ग में कवर्धा के सोहम सिंह राजपूत, शुभम सेन व सचिन तथा बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकर, पूजा चंद्रवंशी एवं नंदिनी सहित कुल 06 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ। प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

फिटनेस ट्रेंड और असंतुलित आहार का उभरता संकट दे रहा चुनौती

सेहत बनाने की होड़ में अंगों पर भारी पड़ सकती है अत्यधिक प्रोटीन सेवन की आदत, रहें हमेशा सावधान

आज के दौर में स्वस्थ रहने, वजन नियंत्रित करने और मांसपेशियां मजबूत बनाने के लिए हाई-प्रोटीन डाइट का चलन तेजी से बढ़ा है। प्रोटीन को हमारे शरीर का प्रमुख 'बिल्डिंग ब्लॉक' माना जाता है, जो मांसपेशियों, हड्डियों, त्वचा और हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने में अनिवार्य भूमिका निभाता है। हालांकि, फिटनेस और सप्लीमेंट्स के बढ़ते रुझान के बीच यह जानना बेहद जरूरी है कि किसी भी पोषक तत्व की अति फायदे की जगह गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। आवश्यकता से बहुत अधिक प्रोटीन का सेवन आपके आंतरिक अंगों, विशेषकर किडनी और हृदय पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है, जिससे लंबे समय में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं पैदा हो सकती हैं।


पाचन तंत्र पर दबाव और असंतुलन की समस्या

जब लोग हाई-प्रोटीन डाइट अपनाते हैं, तो वे अक्सर प्रोटीन सप्लीमेंट्स, अंडे या मांस का सेवन बढ़ा देते हैं, लेकिन आहार में फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों की उपेक्षा कर बैठते हैं। भोजन में फाइबर की यह कमी पाचन क्रिया को बुरी तरह प्रभावित करती है, जिससे कब्ज, पेट फूलने, गैस और दस्त जैसी समस्याएं होने लगती हैं। प्रोटीन पाउडर और डेयरी-आधारित सप्लीमेंट्स का



अत्यधिक उपयोग भी पेट के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकता है। इसलिए, यदि आप प्रोटीन का सेवन बढ़ा रहे हैं, तो पाचन तंत्र को सुचारू बनाए रखने के लिए अपनी खुराक में पर्याप्त फाइबर और तरल पदार्थों को शामिल करना अनिवार्य है।


किडनी की कार्यप्रणाली पर अतिरिक्त बोझ का खतरा



प्रोटीन के मेटाबॉलिज्म के बाद बनने वाले अपशिष्ट पदार्थों (वेस्ट प्रोडक्ट्स) को शरीर से बाहर निकालने की मुख्य जिम्मेदारी हमारी किडनी की होती है। ऐसे में जब शरीर में प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो फिल्टरेशन प्रक्रिया के दौरान किडनी पर काम का बोझ अचानक बढ़ जाता है। यद्यपि एक पूरी तरह स्वस्थ व्यक्ति का शरीर प्रोटीन की थोड़ी बढ़ी हुई मात्रा को संभाल सकता है, लेकिन क्रॉनिक किडनी डिजीज या पहले से किडनी की किसी समस्या से पीड़ित मरीजों के लिए हाई-प्रोटीन डाइट स्थिति को और भी बिगाड़ सकती है। ऐसे व्यक्तियों को डॉक्टर या डाइटीशियन की सलाह के बिना हाई-प्रोटीन डाइट या सप्लीमेंट्स शुरू नहीं करने चाहिए।

हृदय स्वास्थ्य और प्रोटीन के सही स्रोतों का चयन

प्रोटीन स्वयं दिल के लिए हानिकारक नहीं होता, लेकिन इसके लिए चुने गए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। यदि प्रोटीन की आपूर्ति के लिए अत्यधिक प्रोसेस्ड मीट या सैचुरेटेड फैट (संतृप्त वसा) वाले खाद्य पदार्थों पर निर्भरता बढ़ाई जाए, तो इससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है और भविष्य में हृदय रोगों का खतरा उत्पन्न हो सकता है। दिल और पूरे



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रेड या प्रोसेस्ड मीट के बजाय दालें, बीन्स, नट्स, मछली और प्लांट-बेस्ड प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सही स्रोत से सही मात्रा में प्रोटीन प्राप्त करना ही संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी है।

प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता और संतुलन का नियम

एक सामान्य स्वस्थ वयस्क के लिए प्रतिदिन उसके शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम पर लगभग 0.8 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। उदाहरण के तौर पर, 60 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को रोजाना करीब 48 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। हालांकि, उम्र, शारीरिक सक्रियता, वर्कआउट और गर्भावस्था जैसी विशेष स्थितियों में यह आवश्यकता बदल सकती है। नियमित जिम जाने वाले या एथलीटों को अधिक प्रोटीन की जरूरत हो सकती है, लेकिन सामान्य दिनचर्या वाले लोगों को बिना सोचे-समझे अत्यधिक सप्लीमेंट्स लेने से बचना चाहिए।

राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में तमिलनाडु का एकतरफा दबदबा

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई के बीएसपी बॉल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4 में आयोजित 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 (बालक एवं बालिका वर्ग) का शानदार समापन बुधवार को हो गया। 03 अक्टूबर से जारी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों की दिग्गज टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।





रोमांचक मुकाबले और परिणाम

प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच ज़बरदस्त संघर्ष देखने को मिला। बॉयज डबल्स के फाइनल में तमिलनाडु की जोड़ी ने कर्नाटक को 35-20, 36-34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि गर्ल्स डबल्स में तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 35-33, 35-11 से शिकस्त दी। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल मुकाबले में पुदुचेरी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु को 35-24, 35-29 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। इसके अलावा बॉयज के फाइनल मैच में तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 35-31, 35-33 से मात दी, वहीं गर्ल्स के खिताबी मुकाबले में भी तमिलनाडु ने पुदुचेरी को 35-18, 35-19 से हराकर दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता में शीर्ष-8 राज्यों की स्थिति

प्रतियोगिता के कुल परिणामों के आधार पर बॉयज वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, आंध्र प्रदेश द्वितीय, पुदुचेरी एवं कर्नाटक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इसके पश्चात पाँचवें स्थान पर तेलंगाना, छठे पर केरल, सातवें पर बिहार तथा आठवें स्थान पर मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम रही। दूसरी ओर, गर्ल्स वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, पुदुचेरी द्वितीय, महाराष्ट्र एवं केरल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे, जबकि पाँचवाँ स्थान आंध्र प्रदेश, छठा स्थान कर्नाटक, सातवाँ स्थान तेलंगाना और आठवाँ स्थान छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों एवं खिलाड़ियों के मध्य अत्यंत सादगी के साथ संपन्न हुआ। बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया, बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

कुकर से बार-बार निकलता है पानी तो जरूरी हैक्स आएंगे काम

प्रेशर कुकर कई सारी रेसिपीज बनाने के काम आता है। एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर भी खराब होने लगता है। कभी इसमें सीटी की समस्या हो जाती है और कभी गास्केट ढीला हो जाता है। प्रेशर कुकर से पानी निकलना भी आम है, लेकिन इस परेशानी का हल हम आपको बताने वाले हैं।



प्रेशर कुकर तो हर घर में होता है। यह एक ऐसा एसेंशियल बर्तन है जिसके बिना कई सारे काम नहीं हो सकते हैं। दाल, करी, चावल, आदि चीजों को झटपट बनाने के लिए इसका ही उपयोग किया जाता है। हालांकि, एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर में कई सारी समस्याएं होनी लगती हैं। कभी कुकर की सीटी खराब हो जाती है। कभी उसका गास्केट ढीला होने लगता है। कभी सही से प्रेशर नहीं बनता है और कभी तो पानी उससे निकलने लगता है। इससे न केवल खाना पकाने में देरी होती है, बल्कि रसोई में गंदगी भी हो सकती है। इसी समस्या का समाधान लेकर हम हाजिर हैं। हमारे देसी जुगाड़ और अनोखे हैक्स आपके प्रेशर कुकर को लीक होने से रोक सकते हैं और आपके काम को आसान बना सकते हैं।

प्रेशर कुकर लीकेज को रोकने के लिए सबसे सरल और सबसे प्रभावी देसी तरकीबों में से एक है आटे को सीलेंट के रूप में इस्तेमाल करना। आटे की एक पतली पट्टी बेलें और ढक्कन को बंद करने से पहले कुकर के किनारे पर रखें। यह एक टाइट सील बनाएगा है, जिससे भाप बाहर नहीं निकल पाती।

अगर गैसकेट डैमेज है और आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है, तो यह एक बेहतरीन अस्थायी उपाय है। आटा एक लचीली सील की तरह काम करता है।



घर की दिशाओं में छुपा है आपकी सेहत का राज, जानिए सही दिशा

हर व्यक्ति की यही इच्छा होती है कि उसका घर ऐसा आशियाना बने, जहाँ वह अपने परिवार के साथ खुशहाल, शांत और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके। वास्तु शास्त्र के अनुसार, हमारा घर केवल सिर छिपाने की जगह भर नहीं है, बल्कि उसके भीतर और आसपास बहने वाली सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का सीधा प्रभाव हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, विचारों तथा आर्थिक स्थिति पर पड़ता है।

यदि घर में अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश—इन पंचतत्वों का सही संतुलन न हो, तो घर में गंभीर 'वास्तु दोष' उत्पन्न हो जाता है। वास्तु दोष के कारण जीवन में अचानक अस्थिरता आ जाती है, आमदनी के रास्ते बंद होने लगते हैं, अनावश्यक खर्च बढ़ते हैं और अचानक विपत्तियों का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि घर के विभिन्न कोनों और दिशाओं में मौजूद दोष घर के सदस्यों को पुरानी व गंभीर बीमारियों का शिकार बना देते हैं। घर की किस दिशा में कौन-सा दोष होने से स्वास्थ्य संबंधी क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं,इस पर आपको विस्तार से जानना जरूरी है।

ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा)

ईशान कोण को ईश्वर और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश



द्वार माना जाता है। इस दिशा का भारी, गंदा या दूषित होना बहुत बड़ा वास्तु दोष माना गया है।

स्वास्थ्य पर प्रभावः इस दिशा में दोष होने पर पुरुषों को स्त्रियों की तुलना में अधिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रमुख बीमारियांः यदि ईशान कोण में बेडरूम बनाया जाए, तो अनिद्रा (नींद न आना), डरावने सपने, स्मरण शक्ति कमजोर होना (मेमोरी लॉस), मानसिक तनाव, डिप्रेशन और उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) जैसी समस्याएं घेर लेती हैं। नवविवाहित या दंपत्ति को यहाँ भूलकर भी नहीं सोना चाहिए। रसोई घर का दोषः ईशान कोण में रसोई होने से पेट के रोग, गैस, अपच और पाचन तंत्र की गड़बड़ी बनी रहती है। साथ ही स्त्रियों में प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक असर और रक्त संबंधी विकार हो सकते हैं।

आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा)

यह दिशा अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करती है। यहाँ जल या नमी से जुड़ा कोई भी निर्माण सबसे बड़ा दोष पैदा करता है। स्वास्थ्य पर प्रभावः यदि आग्नेय कोण में भूमिगत पानी की टंकी, बोरवेल, कुआँ या जलभराव की व्यवस्था हो, तो घर में गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। प्रमुख बीमारियांः आमाशय (पेट), आंतों के इंफेक्शन, फेफड़ों की बीमारी और श्वसन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस दिशा में दोष होने पर महिलाओं के स्वास्थ्य को पुरुषों की तुलना में अधिक क्षति पहुँचती है।

दक्षिण दिशा

दक्षिण दिशा यम और मंगल ग्रह का स्थान मानी जाती है। यह दिशा भारी और बंद होनी चाहिए। स्वास्थ्य पर प्रभावः दक्षिण दिशा में यदि मुख्य द्वार, गड्ढा, खिड़की या खुलापन अधिक हो, तो यह घर की महिलाओं के लिए अत्यंत कष्टकारी सिद्ध होता है। उन्हें शारीरिक कमजोरी, खून की कमी और मानसिक चिंता का सामना करना पड़ता है।



कार्नर न्यूज

स्टाइल, ड्यूरेबिलिटी और बजट का रखें खास ध्यान

मॉडर्न होम डेकोर ट्रेंड्स में सही टाइल्स के चुनाव से घर के फर्श को दें शानदार और क्लासी लुक

घर का फर्श सिर्फ चलने-फिरने की जगह नहीं होता, बल्कि यह आपके घर के इंटीरियर की नींव और बच्चों का पहला प्लेग्राउंड भी होता है। यही वजह है कि फर्श का साफ-सुथरा, सुरक्षित, टिकाऊ और देखने में बेहद खूबसूरत होना जरूरी है। अगर आप अपना नया आशियाना बनवा रहे हैं या पुराने घर को नया और मॉडर्न लुक देने के लिए रिनोवेशन (जीर्णोद्धार) की योजना बना रहे हैं, तो सही टाइल्स का चुनाव आपके घर का पूरा कायाकल्प कर सकता है। आजकल बाजार में नई तकनीक से बनी विभिन्न शेप्स, कलर्स, डिजाइन्स, फिनिशिंग और टेक्सचर वाली टाइल्स आसानी से उपलब्ध हैं। आइए जानते हैं फर्श के लिए सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले टाइल्स के विकल्पों और उनके खास फायदों के बारे में:



पोर्सलीन/विट्रिफाइड टाइल्स (चीनी मिट्टी की एडवांस्ड टाइल्स)

चीनी मिट्टी और क्ले के मिश्रण से उच्च तापमान पर तैयार की जाने वाली विट्रिफाइड व पोर्सलीन टाइल्स आजकल इंटीरियर डिजाइनर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं। ये टाइल्स बेहद मजबूत, वाटरप्रूफ और स्क्रैच-रेसिस्टेंट (खरोंच-रोधी) होती हैं।

उपयोग और खासियतः इनकी वाटर-एब्जॉर्प्शन क्षमता (पानी सोखने की दर) बहुत कम होती है, जिसके कारण ये घर के लिविंग रूम, बालकनी, पोर्च और बाहरी फर्श (आउटडोर एरिया) के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती हैं। भारी इस्तेमाल के बाद भी इनकी चमक सालों-साल बनी रहती है।

सिरेमिक टाइल्स (बजट-फ्रेंडली और वर्सेटाइल विकल्प)

सिरेमिक टाइल्स प्राकृतिक मिट्टी से बनाई जाने वाली पतली और सपाट सतह वाली टाइल्स होती हैं। ये न केवल पॉकेट-फ्रेंडली (बजट में) होती हैं, बल्कि इन्हें बहुत ज्यादा देखभाल (मेंटेनेंस) की जरूरत भी नहीं होती। उपयोग और खासियतः ये अनगिनत रंगों, प्रिंट्स और आकृतियों में उपलब्ध हैं। अगर आप किचन की दीवारों, बेडरूम या लिविंग एरिया के लिए कम बजट में टिकाऊ और आकर्षक विकल्प ढूंढ रहे हैं, तो सिरेमिक टाइल्स सबसे बेहतरीन विकल्प हैं।

ग्लास/कांच की टाइल्स आधुनिक -चमकदार फिनिश

कांच की टाइल्स घर को एक बेहद रिफाइंड और प्रीमियम लुक देती हैं। ये मुख्य रूप से ट्रांसपेरेंट और न्यूट्रल शेड्स जैसे सफ़ेद, क्रीम, मटमैले और भूरे रंगों में पाई जाती हैं।

उपयोग और खासियतः कांच की टाइल्स की सतह बेहद चिकनी (स्मूथ) होती है, जिस पर पानी, तेल या खाने-पीने की चीजों के दाग नहीं टिकते। इन्हें गीले कपड़े से पोंछकर आसानी से साफ किया जा सकता है। इनका उपयोग खासकर बाथरूम की दीवारों, किचन बैकस्प्लैश (सिंक के ऊपर की दीवार) और हाइलाइटर वॉल के रूप में किया जाता है।

टेराकोटा टाइल्स (रस्टिक और एथनिक वाइब्स)

अगर आप अपने घर को ट्रेडिशनल, रस्टिक या कुदरती (नेचुरल) लुक देना चाहते हैं, तो पकी हुई लाल-भूरी मिट्टी से बनी टेराकोटा टाइल्स एकदम सही चुनाव हैं।

उपयोग और खासियतः ये वर्गाकार या आयताकार शेप में आती हैं। टेराकोटा टाइल्स पैरों को कुदरती गर्माहट और आरामदायक अहसास देती हैं।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'स्ट्रीट फाइटर' के लाइव-एक्शन रीबूट की इसी महीने होगी धमाकेदार एंट्री



गेमिंग और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बेहद शानदार खबर सामने आई है। विश्वभर में मशहूर लोकप्रिय वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' का नया लाइव-एक्शन रीबूट रूपांतरण इसी महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक्शन और फाइटिंग शैली के मुरीदों के लिए यह फिल्म किसी बड़ी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है। इस फिल्म की कहानी को 1993 के दौर (बैकड्रॉप) में स्थापित किया गया है, जो दर्शकों को बीते जमाने के उसी पुराने और रोमांचक युग में वापस ले जाएगी। फिल्म के मुख्य कथानक में दो सबसे लोकप्रिय किरदारों— रयू और केन मास्टर्स— के बीच की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को केंद्र में रखा गया है। फिल्म में रयू की भूमिका में अभिनेता एंड्रयू कोजी नज़र आएंगे, जबकि केन मास्टर्स का किरदार नोह सैंटिनेओ निभा रहे हैं। दोनों मुख्य अभिनेताओं के बीच का मुकाबला और पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री देखना दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प होगा। कहानी केवल एक साधारण फाइटिंग टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि इस विश्व प्रसिद्ध प्रतियोगिता के पीछे छिपी एक बहुत ही खतरनाक और रहस्यमयी साजिश का पर्दाफाश भी करती है। जैसे-जैसे लड़ाके रिंग में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते हैं, वैसे-वैसे वे इस खौफनाक साजिश की गहराइयों में उलझते चले जाते हैं।फिल्म के रिलीज़ होने से पहले ही हॉलीवुड के गलियारों में इसके दृश्यात्मक प्रभावों (वीएफएक्स) और उच्च स्तर के एक्शन दृश्यों की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म समीक्षकों और विशेषज्ञों का मानना है कि इसके स्टंट और कॉम्बैट सीन सीधे गेमिंग अनुभव से प्रेरित हैं, जिन्हें बड़े पर्दे पर बिल्कुल नए और यथार्थवादी अंदाज में उतारा गया है।

टॉलीवुड

आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की रिलीज फिर टली, वजह आई सामने



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती और दिग्गज निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की रिलीज एक बार फिर टल गई है। पारिवारिक मनोरंजन और जबरदस्त एक्शन से भरपूर इस सस्पेंस-ड्रामा का इंतजार कर रहे फैंस को अब थोड़ा और सब्र करना होगा। फिल्म के निर्माता नागा वामसी के अनुसार, पोस्ट-प्रोडक्शन वर्क (पोस्ट-प्रॉडक्ट वर्क) में देरी होने के कारण फिल्म की रिलीज को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। पहले यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 9 अक्टूबर तय किया गया था। लेकिन अब इसे 2 से 3 हफ्ते और आगे बढ़ाया जा रहा है। फिल्म की नई रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती से चर्चा के बाद जल्द ही की जाएगी। 'आदर्श कुटुंबम - हाउस नंबर 47' की कहानी एक आम मध्यमवर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने सपनों का नया घर खरीदकर उसमें शिफ्ट होता है। लेकिन उस नए मकान—जिसका नंबर 'हाउस नंबर 47' है—में कदम रखते ही परिवार के सामने एक-एक करके कई रहस्यमयी और अप्रत्याशित उलझनें आने लगती हैं। इन्हीं घटनाओं के बीच एक्शन, कॉमेडी और पारिवारिक रिश्तों का ताना-बाना बहुत ही खूबसूरती से बुना गया है। निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने अपने खास 'त्रिविक्रमी स्टाइल', चुटीले संवादों और पारिवारिक मूल्यों के साथ इस सस्पेंस-ड्रामा को तैयार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे वेंकटेश दग्गुबाती एक बार फिर अपनी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।

भोजपुरी

आम्रपाली का धमाका, पवन और निरहुआ के साथ फिर करेंगी नई धमाकेदार फिल्में



भोजपुरी सिनेमा की 'क्वीन' कही जाने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री आम्रपाली दुबे इन दिनों अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को मिली अपार सफलता और अपार जनसमर्थन के बाद आम्रपाली लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अपने प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए अभिनेत्री ने अब अपने नए और बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से लेकर सिनेमा जगत तक हलचल बढ़ा दी है। आम्रपाली दुबे ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अपने आने वाले कई बड़े प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की है। उन्होंने खुलासा किया है कि वह आगामी महीनों में भोजपुरी इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स— पवन सिंह और दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'— के साथ कई बड़ी मल्टी-स्टारर और एक्शन-ड्रामा फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। इन घोषणाओं के बाद से ही उनके प्रशंसकों और भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से आम्रपाली दुबे केवल पारंपरिक बड़े पर्दे तक सीमित न रहकर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। ओटीटी और डिजिटल स्पेस में उनकी बढ़ती सक्रियता ने उनकी फैन फॉलोइंग को और अधिक व्यापक बना दिया है। रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में उनके अंदाज और प्रदर्शन को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।


एप्लिक वर्क लहंगा

यह भव्य और रंगीन आउटफिट मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनर आशा गौतम का एक शानदार क्रिएशन है। नेवी ब्लू बेस पर तैयार किए गए इस पारंपरिक लहंगे में विविध रंगों का उपयोग करते हुए विस्तृत एप्लिक वर्क, बारीक रेशम हैंड-एंब्रॉयडरी और आकर्षक फ्लोरल मोटिफ्स की कारीगरी की गई है। मॉडल सुजैन द्वारा प्रदर्शित किया गया यह डिजाइनर पीस मुख्य रूप से ब्राइडल एवं वेडिंग कलेक्शन लुकबुक के लिए तैयार किया गया है। एथनिक और आधुनिक स्टाइल का यह अनोखा संगम शादी-विवाह के अवसरों जैसे संगीत, हल्दी या भव्य रिसेप्शन के लिए एक आदर्श और आकर्षक विकल्प है।



स्मार्ट मेकअप टूल्स देंगे ब्यूटी रूटीन को मॉडर्न टच

आज क समय म ब्यूटा आर मकअप का दुनिया सिर्फ प्रोडक्ट्स (जैसे लिपस्टिक, फाउंडेशन या मस्कारा) तक सीमित नहीं रह गई है। खूबसूरत और फ्लॉलेस लुक पाने के लिए सही ब्यूटी टूल्स का इस्तेमाल भी उतना ही महत्वपूर्ण हो चुका है। मॉडर्न वुमेन अब स्मार्ट और असरदार मेकअप टूल्स को अपनी ब्यूटी किट का हिस्सा बना रही हैं। आइए जानते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री में छाए कुछ ऐसे ही ट्रेंडिंग मेकअप टूल्स के बारे में जो आपके मेकअप और स्किन केयर एक्सपीरियंस को बदल रहे हैं।



इलेक्ट्रिक/हीटेड लैश कर्लर

पलकों को सही शेप और वॉल्यूम देना हर आई-मेकअप का अहम हिस्सा होता है। पारंपरिक मेटल लैश कर्लर की तुलना में अब इलेक्ट्रिक या हीटेड लैश कर्लर काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। लॉन्ग लास्टिंग कर्लः हल्की गर्माहट की मदद से यह आपकी पलकों को बिना नुकसान पहुँचाए तुरंत और लंबे समय तक टिकने वाला कर्ल देता है।
इस्तेमाल में आसानः रीचार्ज करने योग्य होने के कारण इन्हें कहीं भी ले जाना बेहद आसान है। यह मस्कारा लगाने से पहले या बाद में पलकों को एक परफेक्ट लिफ्ट देने का काम करता है।

गुआ शा और फेस रोलर

मेकअप तभी निखर कर आता है जब त्वचा अंदर से स्वस्थ और ग्लोइंग हो। जेड या रोज क्वार्ट्ज जैसे नेचुरल स्टोन्स से बने गुआ शा और फेस रोलर्स अब हर मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी इन्फ्लुएंसर की पहली पसंद बन चुके हैं।
मकअप स पहल इस्टट ग्लाः मकअप लगान से कुछ समय पहले फेस रोलर या गुआ शा से मसाज करने पर चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे नेचुरल रेडिएंस आता है।
पफिनेस कम करनाः सुबह के समय आंखों और चेहरे की सूजन को कम करने के लिए इन्हें फ्रिज में रखकर इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है।
शार्प कंटूरिंगः गुआ शा टूल की मदद से जॉलाइन और चीकबोन्स को लिफ्टेड और शार्प लुक दिया जा सकता है, जिससे कंटूरिंग करना और आसान हो जाता है।
तकनीक और पारंपरिक स्किन केयर के इस अनोखे संगम ने ब्यूटी रूटीन को न केवल आसान बल्कि और अधिक प्रभावी बना दिया है। चाहे बात आंखों की सुंदरता बढ़ाने की हो या चेहरे की प्राकृतिक रंगत को निखारने की—हीटेड लैश कर्लर, गुआ शा और फेस रोलर जैसे टूल्स आज की मॉडर्न लाइफस्टाइल का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अगर आप भी अपने ब्यूटी रूटीन को अपग्रेड करना चाहती हैं, तो इन ट्रेंडी टूल्स को अपनी किट में ज़रूर शामिल करें।

कार्डिगन सेट्स कम्फर्ट और एलिगेंस का कॉम्बिनेशन ट्रेंड में



बदलते फैशन के दौर में स्टाइल और आराम (कम्फर्ट) का एक साथ मिलना हर महिला की पहली पसंद बन गया है। आज की आधुनिक, कामकाजी और एक्टिव महिला ऐसे परिधान चुनना चाहती है जो न केवल दिखने में बेहद आकर्षक हों, बल्कि जिन्हें दिनभर बिना किसी परेशानी के पहना जा सके। इसी सोच और जरूरत ने फैशन वर्ल्ड में एक नए ट्रेंड को जन्म दिया है— 'मैचिंग कार्डिगन सेट्स' आजकल फैशन इन्फ्लुएंसर्स से लेकर वर्किंग वुमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स तक, सभी के वार्डरोब में मैचिंग टैंक टॉप और कार्डिगन सेट्स अपनी खास जगह बना चुके हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कि यह ट्रेंड इतना लोकप्रिय क्यों हो रहा है और इसे अलग-अलग मौकों पर कैसे स्टाइल किया जा सकता है।





क्यों खास हैं मैचिंग कार्डिगन सेट्स?

पुराने समय में कार्डिगन को केवल ठंड से बचने के लिए किसी भी इनर या टी-शर्ट के ऊपर पहन लिया जाता था। लेकिन नया 'ट्विन-सेट' या 'मैचिंग सेट' ट्रेंड फैब्रिक, कलर और टेक्सचर के सटीक मेल के साथ आता है। मैचिंग इनर टैंक टॉप और ऊपर से वही सेम-शेड कार्डिगन मिलकर एक क्लीन, मिनिमलिस्टिक और सोफिस्टिकेटेड लुक तैयार करते हैं।

वर्सैटिलिटी का बेजोड़ संगम

इस सेट की सबसे बड़ी खासियत इसकी वर्सैटिलिटी है। आप इसे एक साथ पहनकर फुल-सेट लुक ले सकती हैं या फिर दोनों को अलग-अलग कपड़ों के साथ मिक्स एंड मैच भी कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, टैंक टॉप को किसी जैकेट के साथ या कार्डिगन को किसी ड्रेस के ऊपर स्टाइल किया जा सकता है। वर्कप्लेस पर सोबर और प्रोफेशनल दिखना बेहद जरूरी होता है।

ठंड में चेहरे की देखभाल जेंटल क्लींजिंग और मॉइस्चराइजिंग से




सर्दियों का सुहावना मौसम अपने साथ हल्की-हल्की ठंडक तो लाता ही है, लेकिन साथ में बहने वाली शुष्क हवाएं त्वचा की प्राकृतिक नमी को तेजी से छीन लेती हैं। इस मौसम में नमी की कमी के कारण चेहरा रूखा, बेजान और खिंचा-खिंचा सा महसूस होने लगता है। ऐसे में त्वचा को रूखेपन और फाइन लाइन्स से बचाकर चेहरे पर प्राकृतिक ग्लो बनाए रखने के लिए एक समर्पित स्किन केयर रूटीन की बेहद जरूरत होती है। सर्दियों में त्वचा की उचित देखभाल के दो सबसे मजबूत और असरदार आधार हैं— जेंटल क्लींजिंग और डीप मॉइस्चराइजिंग।

सौम्य स्वच्छताः जेंटल क्लींजिंग से बचाएं प्राकृतिक नमी

सर्दियों के दौरान त्वचा की देखभाल में अक्सर सबसे बड़ी गलती कठोर साबुन या अत्यधिक झाग बनाने वाले फेस वॉश का इस्तेमाल करना होता है। ऐसे क्लींजर त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल (सेबम) को पूरी तरह खत्म कर देते हैं, जिससे चेहरा और अधिक रूखा व संवेदनशील बन जाता है। इस मौसम में फोम-बेस्ड फेस वॉश के बजाय क्रीमी, हाइड्रेटिंग या ऑयल-बेस्ड जेंटल क्लींजर का चुनाव करना चाहिए जो त्वचा की गंदगी को साफ करने के साथ-साथ उसकी कोमलता को भी बनाए रखते हैं। इसके साथ ही चेहरा धोने के लिए बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए और हमेशा हल्के गुनगुने पानी का ही उपयोग करना चाहिए। क्लींजिंग के तुरंत बाद त्वचा को गहरा पोषण देना सर्दियों में बेहद आवश्यक होता है, क्योंकि यही चरण त्वचा के अंदर नमी को लॉक करने का काम करता है।

बॉडी मसाज कराएं लेकिन अपनी सेहत और सुरक्षा का भी रखें ध्यान



भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक थकान दूर करने, तनाव घटाने और मांसपेशियों को आराम पहुँचाने के लिए 'बॉडी मसाज' एक बेहतरीन ज़रिया है। सही तरीके से की गई मालिश न केवल शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) को बढ़ाती है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करती है। हालांकि, सही जानकारी और सावधानियों के अभाव में यही मसाज शरीर को फायदे की जगह नुकसान भी पहुँचा सकती है। इसलिए मसाज का पूरा लाभ उठाने के लिए कुछ बुनियादी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

स्वास्थ्य स्थिति और शारीरिक सीमाओं का रखें ध्यान

बॉडी मसाज कराने से पहले अपनी सेहत की स्थिति का आकलन करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। यदि आप किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या जैसे हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, वैरिकोज वेन्स या रीढ़ की हड्डी से जुड़ी तकलीफ से जूझ रहे हैं, तो बिना डॉक्टर की सलाह के डीप-टिश्यू या बहुत दबाव वाली मसाज कभी न कराएं। इसके अलावा, यदि त्वचा पर किसी प्रकार का कट, खुला घाव, एलर्जी, रैश या हालिया सर्जरी का निशान हो, तो उस हिस्से पर मालिश करने से पूरी तरह बचना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को भी केवल विशेषज्ञ की देखरेख में ही विशेष प्री-नेटल मसाज करानी चाहिए। मसाज कराने का समय और उसके बाद की दिनचर्या भी उतनी ही मायने रखती है।

कार्नर न्यूज

स्टाइल और सार्टोरियल एलिगेंस का नया अध्याय ट्रेंड में

मेंस फैशन में स्मार्ट लेयरिंग और टेक्सचर्ड फैब्रिक्स का जानिए राज, लुक में भी आएगा शाही अंदाज

बदलते दौर के साथ पुरुषों का फैशन और स्टाइल स्टेटमेंट एक नए मोड़ पर पहुँच चुका है। अब पुरुषों का पहनावा केवल एक सादी टी-शर्ट या पारंपरिक शर्ट तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आधुनिक पुरुष अपने रोज़ाना के स्टाइल में कम्फर्ट, एलिगेंस और वर्सैटिलिटी का अनोखा तालमेल तलाश रहे हैं। इसी सोच और बदलती ज़रूरतों के कारण इस सीज़न मेंस फैशन वर्ल्ड में 'स्मार्ट लेयरिंग' और 'टेक्सचर्ड फैब्रिक्स' का दबदबा देखने को मिल रहा है। यह नया ट्रेंड पुरुषों को न केवल एक प्रीमियम और सोफिस्टिकेटेड लुक देता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व में एक अलग तरह का निखार और आत्मविश्वास भी जोड़ता है।



स्मार्ट लेयरिंगः रंगों और कपड़ों का संतुलित तालमेल

फैशन की दुनिया में लेयरिंग का अर्थ अब केवल ठंड से बचने के लिए कपड़े लादना नहीं रह गया है, बल्कि यह रंगों, फैब्रिक्स और कपड़ों की लंबाई के सटीक संतुलन की एक कला बन चुका है। जब आप एक बेसिक टी-शर्ट के ऊपर कॉटन या फलालैन की ओपन-बटन शर्ट पहनते हैं और उसके साथ एक लाइटवेट जैकेट या ओवरकोट जोड़ते हैं, तो यह आपके पूरे लुक को एक नया डाइमेंशन और गहराई प्रदान करता है। स्मार्ट लेयरिंग की सबसे बड़ी खासियत इसकी फ्लैक्सिबिलिटी है, जिससे आप बदलते मौसम और दिन-रात के तापमान के अनुसार अपनी एक लेयर को हटा या जोड़ सकते हैं और दिनभर बेहद आरामदायक महसूस कर सकते हैं।

टेक्सचर्ड फैब्रिक्सः सादगी में छुपा क्लासिक अंदाज

सादे और प्लेन कपड़ों की जगह अब टेक्सचर्ड फैब्रिक्स पुरुषों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। कपड़ों की विशेष बुनावट और उनकी सतह का अहसास इस स्टाइल को बेहद खास बनाता है। आजकल कॉर्डुओरॉय की धारियों वाली बुनावट और फलालैन का सॉफ्ट टेक्सचर ओवरशर्ट्स और ट्राउज़र्स में खूब पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही रिब्ड निट्स, वूल-ब्लेंड्स और हाफ-जिप स्वेटर्स पुरुषों को एक रिच और एलिगेंट फील देते हैं। ये फैब्रिक्स दिखने में जितने आकर्षक और क्लासी लगते हैं, पहनने में उतने ही आरामदायक भी होते हैं।

परफेक्ट स्टाइलिंगः बेस लेयर से आउटर टच तक

एक परफेक्ट लेयरिंग लुक तैयार करने के लिए सबसे पहले सफेद, ग्रे या काले रंग की एक सिंपल बेस टी-शर्ट से शुरुआत की जाती है। इसके ऊपर कॉर्डुओरॉय ओवरशर्ट, फलालैन चेक शर्ट या हाफ-जिप स्वेटर जैसी टेक्सचर्ड मिड-लेयर जोड़ी जाती है। अंत में एक बॉम्बर जैकेट, डेनिम जैकेट या टेलर्ड ओवरकोट के साथ आउटर फिनिशिंग दी जाती है, जिसमें हमेशा पतले कपड़े अंदर और भारी कपड़े बाहर की ओर पहने जाते हैं।

